लघुत्व से महत्त्व की ओर बढ़ना स्वाभिमान होने की निशानी है जबकि महत्त्व मिलने पर दूसरों को लघु समझना अभिमानी होने का प्रमाण है। अभिमान में व्यक्ति अपना प्रदर्शन कर दूसरों को नीचा दिखाने की कोशिश करता है इसलिए लोग उससे दूर रहना चाहते हैं। सिर्फ़ चाटुकार लोग ही अपने स्वार्थ के कारण उसकी वाहवाही करते हैं। इसके विपरीत स्वाभिमानी व्यक्ति दूसरों के विचारों को महत्त्व देता है ।एक जगह बाढ़ आई थी समाजसेवी संस्थाएँ बाढ़ पीड़ितों को सहायता का वितरण कर रही थीं कुछ स्वयंसेवकों ने एक वृद्धा की झोपड़ी में पहुँच कर उसे सहायता देने का प्रस्ताव रखा। उसने बड़े प्रेम से मना कर दिया। बोली—बेटा मैं पिछले बीस वर्षों से अपनी मेहनत की कमाई खा रही हूँ, मुझे आपकी सहायता नहीं चाहिए। स्वयंसेवक अवाक् थे एवं उस वृद्धा के स्वाभिमान के आगे नतमस्तक ।स्वाभिमान व्यक्ति को स्वावलम्बी बनाता है जबकि अभिमानी हमेशा दूसरों पर आश्रित रहना चाहता है। इन दोनों का मिश्रण व्यक्तित्व को बहुत जटिल बना देता है। दूसरों को कमतर आँकना एवं स्वयं को बड़ा समझना अभिमान है।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **निम्नलिखित गद्यांश का केन्द्रीय विषय क्या है?**

Ans
- ✗ 1. विकासशील भारत में शिक्षा का महत्त्व
- ✓ 2. स्वाभिमान और अभिमान का अंतर तथा उसके प्रभाव
- ✗ 3. पर्यावरण और प्रकृति का वर्णन
- ✗ 4. विकसित भारत का स्वप्न

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
लघुत्व से महत्त्व की ओर बढ़ना स्वाभिमान होने की निशानी है जबकि महत्त्व मिलने पर दूसरों को लघु समझना अभिमानी होने का प्रमाण है। अभिमान में व्यक्ति अपना प्रदर्शन कर दूसरों को नीचा दिखाने की कोशिश करता है इसलिए लोग उससे दूर रहना चाहते हैं। सिर्फ़ चाटुकार लोग ही अपने स्वार्थ के कारण उसकी वाहवाही करते हैं। इसके विपरीत स्वाभिमानी व्यक्ति दूसरों के विचारों को महत्त्व देता है ।एक जगह बाढ़ आई थी समाजसेवी संस्थाएँ बाढ़ पीड़ितों को सहायता का वितरण कर रही थीं कुछ स्वयंसेवकों ने एक वृद्धा की झोपड़ी में पहुँच कर उसे सहायता देने का प्रस्ताव रखा। उसने बड़े प्रेम से मना कर दिया। बोली—बेटा मैं पिछले बीस वर्षों से अपनी मेहनत की कमाई खा रही हूँ, मुझे आपकी सहायता नहीं चाहिए। स्वयंसेवक अवाक् थे एवं उस वृद्धा के स्वाभिमान के आगे नतमस्तक ।स्वाभिमान व्यक्ति को स्वावलम्बी बनाता है जबकि अभिमानी हमेशा दूसरों पर आश्रित रहना चाहता है। इन दोनों का मिश्रण व्यक्तित्व को बहुत जटिल बना देता है। दूसरों को कमतर आँकना एवं स्वयं को बड़ा समझना अभिमान है।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **प्रस्तुत गद्यांश का वास्तविक जीवन से सम्बन्ध क्या है?**

Ans
- ✓ 1. स्वाभिमान का महत्त्व
- ✗ 2. व्यक्ति और समाज का महत्त्व
- ✗ 3. सबका साथ सबका विकास
- ✗ 4. समकालीन परिदृश्य में साहित्य

Section : **Discipline1**

**Q.1 Which of the following is a disadvantage of debentures?**

Ans
- ✔ 1. Interest is payable even when the company has no profit.
- ✘ 2. Debenture holders have no claim over company assets.
- ✘ 3. Interest rate on debentures is usually higher than that on other sources.
- ✘ 4. Debenture holders have voting rights in company decisions.

**Q.2 संयुक्त हिंदू परिवार व्यवसाय का प्रबंधन कौन करता है?**

Ans
- ✔ 1. कर्ता
- ✘ 2. साझेदार
- ✘ 3. सह-समांशी
- ✘ 4. प्रबंधक

**Q.3 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, कॉर्पोरेट प्रशासन में अनैतिक पद्धतियों का एक उदाहरण है?**

Ans
- ✘ 1. स्वतंत्र बोर्ड समितियां
- ✔ 2. अंतरस्थ कारोबार (Insider trading)
- ✘ 3. पारदर्शी वित्तीय प्रकटन
- ✘ 4. CSR नीतियों को अपनाना

**Q.4 _____________ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से लघु और सीमांत किसानों, कृषि श्रमिकों, कारीगरों और लघु उद्यमियों को ऋण और अन्य सुविधाएं प्रदान करना था।**

Ans
- ✔ 1. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों
- ✘ 2. सहकारी बैंकों
- ✘ 3. औद्योगिक बैंकों
- ✘ 4. केंद्रीय बैंकों

**Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सी सहकारी समिति की प्रमुख विशेषता है?**

Ans
- ✘ 1. स्वामित्व कुछ प्रमुख सदस्यों के बीच केंद्रित होता है
- ✘ 2. सदस्यता अनिवार्य है
- ✔ 3. एक सदस्य, एक मत — लोकतांत्रिक नियंत्रण
- ✘ 4. सदस्यों की असीमित देयता

**Q.6 व्यवसाय वित्त के स्रोतों के आधार पर, किसी वित्तीय संस्था से वित्तपोषण प्राप्त करना, किसी वाणिज्यिक बैंक से ऋण प्राप्त करने से किस प्रकार भिन्न है?**

Ans
- ✔ 1. वित्तीय संस्थाएं दीर्घावधि वित्त उपलब्ध करती हैं तथा प्रायः तकनीकी और प्रबंधकीय सहायता भी प्रदान करती हैं, जबकि वाणिज्यिक बैंक अल्पावधि से मध्यम अवधि तक वित्त उपलब्ध कराते हैं तथा मुख्य रूप से केवल वित्तपोषण ही प्रदान करते हैं।
- ✘ 2. वाणिज्यिक बैंक दीर्घावधि विकास वित्त प्रदान करते हैं, जबकि वित्तीय संस्थाएं ओवरनाइट ऋण (overnight credit) पर केंद्रित होती हैं।
- ✘ 3. वित्तीय संस्थाएं प्रायः कम औपचारिकताएं लागू करती हैं और लचीले अल्पावधि ऋण प्रदान करती हैं।
- ✘ 4. बैंक ऋण के विपरीत, वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त ऋण पर सदैव कोई ब्याज नहीं लगता।

**Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सी, एकल स्वामित्व वाले व्यवसाय संगठन की विशेषता नहीं है?**

Ans
- ✘ 1. व्यवसाय चलाने और सभी निर्णय लेने का अधिकार पूर्णतः एकल स्वामित्व के पास होता है।
- ✘ 2. एकल स्वामित्वों पर असीमित दायित्व होती है।
- ✘ 3. व्यवसाय की विफलता का जोखिम एकल स्वामित्व को ही वहन करना पड़ता है।
- ✔ 4. एक अलग कानून है जो एकल स्वामित्व के निर्माण और समापन को नियंत्रित करता है।

**Q.8 विश्व जमा रसीद (GDR) एक ___________।**

Ans
- ✘ 1. केंद्रीय बैंक गारंटी है
- ✔ 2. किसी देश में जारी परक्राम्य लिखत है जो किसी विदेशी कंपनी के शेयरों का प्रतिनिधित्व करती है
- ✘ 3. विदेशी व्यापार के लिए एक व्यापार ऋण साधन है
- ✘ 4. विदेशी सरकार द्वारा जारी किया गया घरेलू मुद्रा बॉन्ड है

**Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, समुदाय के प्रति कंपनी के उत्तरदायित्व के उदाहरण को संदर्भित करता है?**

Ans
- ✘ 1. समय पर GST रिटर्न फाइल करना
- ✘ 2. कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना
- ✔ 3. स्थानीय विद्यालयों को धन उपलब्ध कराना
- ✘ 4. इनवेंटरी रिकॉर्ड को अपडेट रखना

**Q.10** वे संगठन जो सरकारी स्वामित्व और नियंत्रण में हैं, उन्हें निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ 1. निजी क्षेत्र की इकाइयां (private sector units)
- ✓ 2. सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां (public sector units)
- ✗ 3. HUF क्षेत्र की इकाइयां (HUF sector units)
- ✗ 4. अवशिष्ट क्षेत्र की इकाइयां (residual sector units)

**Q.11** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (MSMED) अधिनियम, 2006 निम्नलिखित में से किस महीने से लागू हुआ?

Ans
- ✗ 1. मार्च, 2007
- ✓ 2. अक्टूबर, 2006
- ✗ 3. जनवरी, 2006
- ✗ 4. दिसंबर, 2006

**Q.12** नियत आय चाहने वाले जोखिम-रोधी निवेशकों के लिए इक्विटी शेयरों की तुलना में अधिमानी शेयर जारी करना अधिक उपयुक्त क्यों हो सकता है, इस बात की सर्वोत्तम व्याख्या निम्नलिखित में से कौन-सा कथन करता है?

Ans
- ✗ 1. अधिमानी शेयर समान मताधिकार के माध्यम से स्वामित्व और नियंत्रण को कमजोर कर देते हैं।
- ✓ 2. अधिमानी शेयर निश्चित लाभांश की गारंटी देते हैं और परिसमापन की स्थिति में इक्विटी से पहले पूंजी प्राप्त करते हैं।
- ✗ 3. अधिमानी शेयर मतदान का अधिकार प्रदान करते हैं और अवशिष्ट लाभ में योगदान करते हैं।
- ✗ 4. इक्विटी शेयर कंपनी के प्रदर्शन के असापेक्ष पूर्वानुमानित लाभांश प्रदान करते हैं।

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व, संविदात्मक और इक्विटी-आधारित संयुक्त उद्यमों दोनों में उभयनिष्ट है?

Ans
- ✗ 1. दोनों पक्षों का व्यावसायिक उद्यम पर कोई नियंत्रण नहीं होता है
- ✗ 2. एक नई संयुक्त स्वामित्व वाली व्यावसायिक इकाई का निर्माण
- ✓ 3. एक व्यावसायिक उद्यम पर एक साथ कार्य करने का पारस्परिक इरादा और करार
- ✗ 4. शामिल पक्षों द्वारा साझा स्वामित्व

**Q.14** सार्वजनिक उद्यमों के वित्तपोषण के लिए पर्याप्त पूंजी की आवश्यकता होती है, और इसके लिए विभिन्न स्रोतों का उपयोग किया जा सकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सार्वजनिक उद्यमों के लिए पूंजी का प्राथमिक स्रोत है?

Ans
- ✗ 1. सार्वजनिक दान – सामान्यतः गैर-व्यावसायिक कारणों के लिए नागरिकों या संगठनों द्वारा किया गया स्वैच्छिक योगदान।
- ✗ 2. निजी निवेशक – जो ईक्विटी सहभागिता और संयुक्त उद्यम के माध्यम से योगदान दे सकते हैं।
- ✓ 3. सरकारी निधीयन – ईक्विटी पूंजी और अनुदान के रूप में सरकार की ओर से बजटीय सहायता।
- ✗ 4. केवल बैंक ऋण – कार्यशील पूंजी और परियोजना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय संस्थानों से ऋण पर ली गई पूंजी।

**Q.15** ________ आम तौर पर व्यापार लेनदेन में उत्पादकों और खुदरा विक्रेताओं के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

Ans
- ✗ 1. एजेंट
- ✗ 2. वितरक
- ✗ 3. उपभोक्ता
- ✓ 4. थोक विक्रेता

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (BPO) के सर्वोत्तम वर्णन को संदर्भित करता है?

Ans
- ✗ 1. CSR के लिए NGO के साथ साझेदारी करना
- ✗ 2. विनिर्माण को खुदरा विक्रेताओं को आउटसोर्स करना
- ✗ 3. अतिरिक्त इन्वेंटरी को ऑनलाइन बेचना
- ✓ 4. गैर-मुख्य गतिविधियों को बाहरी एजेंसियों को सौंपना

**Q.17** देशों के बीच, राष्ट्रीय सीमाओं को पार करके वस्तुओं और सेवाओं का आदान-प्रदान क्या कहलाता है?

Ans
- ✗ 1. वस्तु-विनिमय व्यापार
- ✓ 2. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
- ✗ 3. आंतरिक व्यापार
- ✗ 4. घरेलू व्यापार

**Q.18** मल्टीनेशनल कॉर्पोरेशन (MNC) अपनी वैश्विक उपस्थिति और केंद्रीकृत निर्णय लेने की प्रणाली के लिए जाने जाते हैं। मुख्यालय की भूमिका, स्वायत्तता और नियंत्रण के संबंध में अक्सर चर्चा का विषय रहती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन MNC मुख्यालय के कार्य की स्टीक व्याख्या करता है?

Ans
- ✓ 1. यह वैश्विक परिचालन का समन्वय करता है, रणनीतिक नीतियां बनाता है और सहायक कंपनियों के बीच संसाधनों का आवंटन करता है।
- ✗ 2. इसे हर अतिथेय देश (host country) में प्रतिकृत किया जाता है, ताकि केंद्रीय निगरानी के बिना स्थानीय परिचालन को स्वतंत्र रूप से प्रबंधित किया जा सके।
- ✗ 3. यह कानूनी उद्देश्यों के लिए केवल एक पंजीकृत कार्यालय के रूप में कार्य करता है, रणनीति में इसकी कोई भूमिका नहीं होती है।
- ✗ 4. यह विभिन्न अधिकार क्षेत्रों में कर देनदारियों को न्यूनतमीकरण के लिए केवल एक वित्तीय केंद्र के रूप में कार्य करता है।

**Q.19** **निम्नलिखित में से कौन-सी, जॉइंट स्टॉक कंपनी (Joint Stock Company) की मूलभूत विशेषता है?**

Ans
- ✗ 1. सदस्यों की असीमित देयता
- ✓ 2. पृथक कानूनी इकाई और शाश्वत उत्तराधिकार
- ✗ 3. स्वामियों द्वारा व्यक्तिगत नियंत्रण
- ✗ 4. निगमन (incorporation) की कोई आवश्यकता नहीं

**Q.20** **यदि किसी साझेदारी फर्म में किसी साझेदार की मृत्यु हो जाती है और साझेदारी-विलेख में इस संबंध में कुछ नहीं लिखा है, तो क्या होगा?**

Ans
- ✗ 1. फर्म का किसी अन्य फर्म में विलय हो जाता है।
- ✓ 2. फर्म भंग हो जाती है।
- ✗ 3. साझेदारी सामान्य रूप से जारी रहती है।
- ✗ 4. सरकार एक नया साझेदार नियुक्त करती है।

Section : **Discipline2**

**Q.1** **भागीदारी विलेख, ___________ ।**

Ans
- ✗ 1. केवल सीमित भागीदारी के लिए होता है
- ✗ 2. की कोई आवश्यकता नहीं होती है
- ✗ 3. अनिवार्य है
- ✓ 4. वैकल्पिक है

**Q.2** **स्वामीगत निधि की तुलना में ग्रहीत निधि (borrowed funds) का उपयोग करने का प्राथमिक लाभ निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

Ans
- ✗ 1. कोई निश्चित पुनर्भुगतान दायित्व नहीं होता है
- ✗ 2. दिवालियेपन का कोई खतरा नहीं होता है
- ✗ 3. लाभांश का भुगतान निश्चित दरों पर किया जाता है
- ✓ 4. ग्रहीत निधि पर ब्याज कर-कटौती योग्य होता है

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-से संयोजन, प्रत्येक वित्तपोषण विकल्प को उसकी प्राथमिक विशेषता के साथ सही तरीके से संयोजित करते हैं?**

Ans
- ✗ 1. व्यापारिक उधार – क्रेडिट रेटिंग (credit rating) की आवश्यकता; क्रेडिट रेटिंग एजेंसी – किसी संपार्श्विक की आवश्यकता नहीं; सूक्ष्म ऋण – आपूर्तिकर्ताओं से अल्पकालिक निधि।
- ✗ 2. क्रेडिट रेटिंग एजेंसी – सूक्ष्म ऋण प्रदान करना; व्यापारिक उधार – इसमें बैंकों से औपचारिक ऋण अनुबंध शामिल है; सूक्ष्म ऋण – डिबेंचर निर्गम को रेट देना।
- ✓ 3. क्रेडिट रेटिंग एजेंसी – डिबेंचर निर्गम को रेटिंग निर्दिष्ट करना; व्यापारिक उधार – अल्पकालिक आपूर्तिकर्ता वित्तपोषण; सूक्ष्म ऋण – व्यक्तियों या छोटे उद्यमियों को सूक्ष्म ऋण।
- ✗ 4. सूक्ष्म ऋण – बड़े पैमाने पर परियोजना वित्तपोषण; व्यापारिक उधार – इक्विटी वित्तपोषण के लिए उपयोग; क्रेडिट रेटिंग एजेंसी – लोक जमा जारी करना।

**Q.4** **विश्व व्यापार संगठन (WTO) ने आधिकारिक तौर पर __________ को अपना परिचालन शुरू किया।**

Ans
- ✗ 1. 1 जनवरी, 1996
- ✓ 2. 1 जनवरी, 1995
- ✗ 3. 31 जनवरी, 1995
- ✗ 4. 1 जनवरी, 1095

**Q.5** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अधिमानी शेयरों (preference shares) के संबंध में सत्य है?**

Ans
- ✗ 1. अधिमानी शेयरधारक केवल तभी लाभांश प्राप्त करते हैं जब इक्विटी शेयरधारकों को भुगतान किया जाता है।
- ✗ 2. अधिमानी शेयरधारक को कंपनी के सभी मामलों में मतदान के अधिकार की गारंटी दी जाती है।
- ✓ 3. अधिमानी शेयरधारकों को इक्विटी शेयरधारकों से पहले निश्चित लाभांश प्राप्त होता है।
- ✗ 4. अधिमानी शेयरधारक कंपनी के अवशेष स्वामी होते हैं।

**Q.6** **सरकारी कंपनियों के बारे में दिए गए कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

**(a) इसका गठन सरल है और यह कंपनी अधिनियम, 1966 द्वारा शासित होती है।**
**(b) यह निजी क्षेत्र में अलाभकारी प्रतिस्पर्धा (unhealthy competition) उत्पन्न करती है।**
**(c) सरकारी कंपनियां समयबद्ध निर्णय लेने में कभी देरी नहीं करतीं हैं।**
**(d) सरकार में परिवर्तन से सरकारी कंपनी के नियमों, नीतियों और प्रक्रियाओं में परिवर्तन होता है।**

Ans
✗ 1. कथन (b) और (c) असत्य हैं तथा (a) और (d) सत्य हैं
✓ 2. कथन (a), (b), (c) असत्य हैं और (d) सत्य है
✗ 3. कथन (c) और (d) असत्य हैं तथा (a) और (b) सत्य हैं
✗ 4. कथन (a) और (b) असत्य हैं तथा (c) और (d) सत्य हैं

**Q.7** **निम्नलिखित में से कौन-सा, नामाधिकार समझौते (franchise agreement) में नामाधिकारी का प्राथमिक उत्तरदायित्व है?**

Ans
✗ 1. फ्रेंचाइजर की कार्यप्रणाली का लाइसेंस दूसरों को देना
✗ 2. ब्रांड का स्वामित्व और अधिकार बेचना
✗ 3. कॉर्पोरेट स्वामित्व वाले आउटलेट सेट-अप करना
✓ 4. फ्रेंचाइजर के बिजनेस मॉडल का पालन करना और रॉयल्टी का भुगतान करना

**Q.8** **लाभ को किसी व्यवसाय का एकमात्र उद्देश्य क्यों नहीं माना जा सकता?**

Ans
✗ 1. क्योंकि लाभ से केवल मालिक को लाभ होता है, न कि समाज को।
✓ 2. क्योंकि सामाजिक उत्तरदायित्व की उपेक्षा करने से सुनाम और दीर्घकालिक अस्तित्व को हानि पहुंच सकती है।
✗ 3. क्योंकि अकेले लाभ से संसाधनों का अधिग्रहण सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।
✗ 4. क्योंकि जोखिम और बाजार के उतार-चढ़ाव के कारण लाभ अनिश्चित होता है।

**Q.9** **IMF के प्रमुख कार्यों में से एक क्षमता विकास है। निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि उस कार्य से सबसे अधिक निकटता से जुड़ी है?**

Ans
✓ 1.
सदस्य सरकार को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना
✗ 2. तरलता बनाए रखने के लिए विशेष आहरण अधिकार (SDR) जारी करना
✗ 3. मुद्रा विनिमय दरों का मॉनीटरन करना
✗ 4.
वित्तीय संकट के दौरान ऋण निधि

**Q.10** **निम्नलिखित में से कौन-सी, बैंकों से लिए गए ऋण (loan) की मुख्य विशेषता है?**

Ans
✗ 1. पूंजी का स्थायी स्रोत होता है।
✗ 2. कोई चुकौती दायित्व नहीं होता है।
✗ 3. ब्याज भुगतान सम्मिलित नहीं करता है।
✓ 4. ऋण पर ब्याज लगता है और उसे एक निश्चित समय सीमा के भीतर चुकाना होता है।

**Q.11** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एकल स्वामी (sole proprietorship) की महत्वपूर्ण विशेषता और सीमा दोनों को सटीक रूप से दर्शाता है?**

Ans
✗ 1. व्यवसाय की स्वामी से अलग एक विशिष्ट कानूनी पहचान होती है, जो स्वामी की मृत्यु के बाद भी व्यवसाय की निरंतरता सुनिश्चित करती है।
✗ 2. स्वामी विचारों की विविधता सुनिश्चित करते हुए निर्णय लेने और लाभ को दूसरों के साथ समान रूप से साझा करता है।
✓ 3. एकल स्वामी असीमित दायित्व वहन करता है, जिसका अर्थ है कि व्यक्तिगत परिसंपत्तियों का उपयोग व्यावसायिक ऋणों का निपटान करने के लिए किया जा सकता है।
✗ 4. यह एक अलग कानून द्वारा शासित होता है, जिससे व्यवसाय की निरंतरता आसान हो जाती है।

**Q.12** **निम्नलिखित में से कौन-सा, व्यवसायों द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने का कारण नहीं है?**

Ans
✗ 1. सार्वजनिक छवि (public image) में सुधार करना
✓ 2. अल्पकालिक लाभ में वृद्धि की गारंटी देना
✗ 3. देयता के जोखिम में कमी करना
✗ 4. स्वास्थ्य संबंधी खतरों में कमी करना

**Q.13** **निम्नलिखित में से कौन-सी, संयुक्त उद्यम की विशिष्ट विशेषता नहीं है?**

Ans
✓ 1. एक कंपनी का दूसरी कंपनी में पूर्ण आमेलन
✗ 2. साझा लाभ और हानि
✗ 3. साझा नियंत्रण और प्रबंधन
✗ 4. सीमित अवधि या विशिष्ट उद्देश्य

**Q.14** **भारतीय फार्मा MNC केंद्रीय रूप से IP का स्वामित्व रखती है, लेकिन अनुकूल कर क्षेत्राधिकार में सहायक कंपनियों में संप्राप्ति दर्ज करती है। कौन-सा स्वामित्व मॉडल इसका सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

**Ans**
✔ 1. पारराष्ट्रीय: केंद्रीकृत रणनीतिक परिसंपत्तियों के साथ विकेंद्रीकृत नियंत्रण है
✘ 2. बहु-घरेलू: सहायक कंपनियाँ स्वतंत्र रूप से स्थानीय स्तर पर IP का स्वामित्व और उपयोग करती हैं।
✘ 3. वैश्विक: सहायक कंपनियाँ मूल रणनीति कार्यान्वित करती हैं, स्वायत्तता सीमित है
✘ 4. अंतर्राष्ट्रीय: IP और लाभ को पूरी तरह से मूल कंपनी में केंद्रीकृत करता है

**Q.15** **बीमा में कौन-सा सिद्धांत, बीमाकर्ता को हानि के लिए उत्तरदायी तीसरे पक्ष से भुगतान की गई दावे की धनराशि वसूलने का कानूनी अधिकार देता है?**

**Ans**
✔ 1. प्रत्यासन का सिद्धांत (Principle of Subrogation)
✘ 2. बीमा योग्य हित का सिद्धांत (Principle of Insurable Interest)
✘ 3. आसन्न कारण का सिद्धांत (Principle of Proximate Cause)
✘ 4. योगदान का सिद्धांत (Principle of Contribution)

**Q.16** **यदि कोई कंपनी स्नातक प्रतिभा बाजार में लाभ प्राप्त करने के लिए CSR नीति लागू करती है, तो वह मुख्यतः _________ के लिए CSR का लाभ उठा रही है।**

**Ans**
✘ 1. विनियामक अनुपालन
✘ 2. बाजार हिस्सेदारी के विस्तार
✔ 3. मानव संसाधन भर्ती और प्रतिधारण
✘ 4. जोखिम शमन

**Q.17** **संयुक्त उद्यम (JV) तब बनते हैं जब दो या दो से अधिक कंपनिया किसी विशिष्ट परियोजना या दीर्घकालिक व्यावसायिक उद्देश्य के लिए सहयोग करती हैं। वे सामर्थ्य के साथ-साथ जोखिम भी साझा करती हैं। निम्नलिखित में से किसे संयुक्त उद्यम का एक प्रमुख लाभ माना जाता है?**

**Ans**
✘ 1. लाभ और हानि के बंटन से पूर्ण छूट, क्योंकि प्रत्येक भागीदार अपना अर्जन अपने पास रखता है।
✔ 2. सार्व उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए वित्तीय, तकनीकी और प्रबंधकीय संसाधनों का समुच्चयन।
✘ 3. प्रत्येक साझेदार को असीमित देयताएं प्राप्त होती है, जिससे वित्तीय विश्वसनीयता बढ़ती है।
✘ 4. कुशल श्रमशक्ति तक पहुंच पर प्रतिबंध, क्योंकि प्रत्येक भागीदार को केवल अपने कर्मचारियों पर ही निर्भर रहना होगा।

**Q.18** **दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

**(i) एक सहकारी संगठन का मुख्य उद्देश्य अधिकतम लाभ अर्जित करना है।**
**(ii) एक सहकारी संगठन एक सदस्य, एक मत के सिद्धांत पर आधारित होता है।**

**Ans**
✘ 1. कथन (i) सत्य है और कथन (ii) असत्य है।
✘ 2. कथन (i) और (ii) दोनों सत्य हैं।
✔ 3. कथन (i) असत्य है और कथन (ii) सत्य है।
✘ 4. कथन (i) और (ii) दोनों असत्य हैं।

**Q.19** **जब कोई देश किसी अन्य देश से माल खरीदता है, तो उसे क्या कहा जाता है?**

**Ans**
✘ 1. पुन:निर्यात व्यापार
✘ 2. निर्यात व्यापार
✘ 3. आंतरिक व्यापार
✔ 4. आयात व्यापार

**Q.20** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सार्वत्रिक निक्षेपागार रसीद (GDR) और अमेरिकन निक्षेपागार रसीद (ADR) के बीच सटीक रूप से अंतर करता है?**

**Ans**
✘ 1. GDR को भारतीय रुपए में नामित किया जाता है, जबकि ADR को यूरों में नामित किया जाता है।
✘ 2. GDR और ADR दोनों यू.एस. में जारी किए जाते हैं और अपने धारकों (holders) को समान मताधिकार प्रदान करते हैं।
✔ 3. GDR कंपनियों द्वारा यू.एस. के बाहर अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निधि जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं, जबकि ADR यू.एस. वित्तीय बाजारों में जारी और कारोबार किए जाते हैं।
✘ 4. GDR भारत में जारी किए जाते हैं और केवल भारतीय शेयर बाजारों में कारोबार किया जाता है, जबकि ADR का कारोबार वैश्विक स्तर पर किया जाता है।

Section : **Discipline3**

**Q.1** दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें।

(A): संयुक्त हिंदू परिवार व्यवसाय में, केवल कर्ता की देयता असीमित होती है, जबकि अन्य सहदायिकों की देयता पारिवारिक संपत्ति में उनके हिस्से तक सीमित होती है।
(R): यह व्यवस्था इसलिए विद्यमान है क्योंकि कर्ता अकेले ही व्यवसाय को कानूनी रूप से नियंत्रित और प्रबंधित करता है, जिससे वह सभी व्यावसायिक ऋणों के लिए पूरी तरह जवाबदेह हो जाता है।

Ans
✔ 1. A सत्य है, R सत्य है, तथा R, A की सही व्याख्या करता है
✘ 2. A सत्य है, R सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है
✘ 3. A असत्य है, R सत्य है
✘ 4. A सत्य है, R असत्य है

**Q.2** अधीनस्थ को नियंत्रित करने के बजाय, क्वालिटी लीडर (quality leaders) _______________ पर फोकस करते हैं।

Ans
✘ 1. उनके निर्णयों को सीमित करने
✘ 2. उनकी निकटता से पर्यवेक्षण करने
✔ 3. उन्हें सशक्त बनाने
✘ 4. उनकी जिम्मेदारियों को कम करने

**Q.3** व्यवस्थापन (organising) में प्राधिकार के प्रत्यायोजन में __________ शामिल होता है।

Ans
✘ 1. केवल उत्तरदायित्व का हस्तांतरण
✔ 2. अधिकार देना और उत्तरदायित्व प्रतिधारित रखना
✘ 3. उत्तरदायित्व का स्थायी हस्तांतरण
✘ 4. अधीनस्थों के साथ संवाद से बचना

**Q.4** संगठनों में बेंचमार्किंग का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✘ 1. बाजार से प्रतिस्पर्धियों को हटाना
✔ 2. संगठनात्मक पद्धतियों की तुलना करना और सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाना
✘ 3. बाजार की उपेक्षा करके नए उत्पाद विकसित करना
✘ 4. कर्मचारी टर्नओवर बढ़ाना और लागत कम करना

**Q.5** एक व्यावसायिक संगठन के रूप में सहकारी समिति का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✘ 1. शेयरधारकों के लिए लाभ का अधिकतमीकरण
✘ 2. सरकारी नियंत्रण से बचना
✔ 3. अपने सदस्यों को सेवाएँ प्रदान करना
✘ 4. निजी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना

**Q.6** क्वालिटी सर्कल (Quality Circle) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✘ 1. कर्मचारियों की उपस्थिति पर निगरानी करना
✘ 2. नई कंपनी नीतियों (company policies) को लागू करना
✔ 3. गुणवत्ता या कार्य प्रदर्शन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए स्वेच्छा से छोटी टीमें बनाना
✘ 4. किसी कंपनी के कार्यबल (workforce) का आकार बढ़ाना

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, व्यावसायिक सेवाओं पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है?

Ans
✘ 1. यह सेवाओं को वैश्वीकरण से पूर्णतया अप्रभावित रखना सुनिश्चित करती है।
✘ 2. यह सेवाओं की चाल और अभिगम्यता को प्रतिबंधित करती है।
✔ 3. यह बैंकिंग, बीमा और संचार जैसी सेवाओं के तीव्र, अधिक कुशल और ग्राहक-अनुकूल सुपुर्दगी को सक्षम बनाती है।
✘ 4. यह व्यवसायों की ग्राहकों के साथ अंतः क्रिया करने की आवश्यकता को समाप्त करती है।

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प प्रबंधन में नियोजन की भूमिका का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✔ 1. इसमें भविष्य के व्यावसायिक स्थितियों का पूर्वानुमान लगाना और संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्रवाइयों पर निर्णय लेना शामिल है।
✘ 2. यह प्रबंधन प्रक्रिया में अंतिम चरण के रूप में कार्य करता है।
✘ 3. यह केवल समस्या के समाधान के संबंध में है, जब परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं।
✘ 4. यह मुख्य रूप से कर्मचारियों की भर्ती और प्रशिक्षण से संबंधित है।

**Q.9** **कर्मचारियों के कौशल को अधिकतम करने के लिए उन्हें उपयुक्त कार्य सौंपना, मानव संसाधन प्रबंधन के निम्नलिखित में से किस प्रकार्य के अंतर्गत आता है?**

Ans
- ✗ 1. एकीकरण (Integration)
- ✓ 2. उपयोगिता (Utilisation)
- ✗ 3. विकास (Development)
- ✗ 4. अधिग्रहण (Acquisition)

**Q.10** **__________ में अधीनस्थ को आदेश जारी करना और यह पर्यवेक्षण करना शामिल है कि वे इन आदेशों का पालन कैसे करते हैं, और यदि आवश्यक हो, तो कर्मचारियों को उच्चतर कार्य प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना और इस प्रकार संगठनात्मक उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करना शामिल है।**

Ans
- ✗ 1. योजना (Planning)
- ✗ 2. संगठन (Organising)
- ✓ 3. निर्देशन (Directing)
- ✗ 4. समन्वय (Coordination)

**Q.11** **समन्वय को अक्सर प्रबंधन का सार कहा जाता है। इसे इतना महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है?**

Ans
- ✓ 1. यह किसी संगठन के भीतर अन्योन्याश्रित गतिविधियों (interdependent activities) और विभागों के बीच कार्रवाई की एकता सुनिश्चित करता है।
- ✗ 2. यह एक साथ नियोजन और संघठन की आवश्यकता को प्रतिस्थापित कर देता है।
- ✗ 3. यह निचले स्तर पर नेतृत्व की आवश्यकता को समाप्त कर देता है।
- ✗ 4. यह टॉप-डाउन ऑर्डर (top-down orders) जारी करने पर केंद्रित है।

**Q.12** **Which of the following is NOT a factor influencing individual behaviour in an organisation?**

Ans
- ✗ 1. Perception
- ✗ 2. Personality
- ✓ 3. Government policies
- ✗ 4. Attitude

**Q.13** **अभिप्रेरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

**1. अभिप्रेरण मुख्यतः एक आंतरिक मनोवैज्ञानिक शक्ति है जो व्यवहार को लक्ष्यों की ओर ले जाती है।**
**2. यह अल्पकालिक उत्साह के समान है जो पुरस्कार प्राप्त होने के बाद जल्दी ही समाप्त हो जाता है।**
**3. अभिप्रेरण आंतरिक कारकों (जैसे उपलब्धि) और बाह्य कारकों (जैसे वेतन, मान्यता) दोनों से प्रभावित हो सकती है।**
**4. यह अवांछनीय व्यवहार को सुधारने के लिए केवल दंड के माध्यम से ही कार्य करती है।**

Ans
- ✗ 1. केवल 2 और 4
- ✗ 2. केवल 1, 3 और 4
- ✗ 3. केवल 1, 2 और 3
- ✓ 4. केवल 1 और 3

**Q.14** **पोर्टर के पांच बल मॉडल (Porter's Five Forces Model) के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा एक बल है?**

Ans
- ✗ 1. आर्थिक स्थितियां
- ✗ 2. कानूनी अनुपालन
- ✓ 3. खरीदारों की सौदेबाजी की शक्ति
- ✗ 4. तकनीकी परिवर्तन

**Q.15** **निम्नलिखित में से क्या किसी विशिष्ट व्यावसायिक प्रक्रिया पुनर्रचना पहल का प्रथम चरण है?**

Ans
- ✓ 1. पुनर्रचना के लिए प्रक्रियाओं की पहचान
- ✗ 2. प्रतिस्पर्धियों के विरुद्ध बेंचमार्किंग
- ✗ 3. नई IT प्रणालियों का कार्यान्वयन
- ✗ 4. निगरानी और मूल्यांकन

**Q.16** **किस नैतिक सिद्धांत का तर्क है कि कार्य नैतिक रूप से तब सही हैं जब वे सर्वाधिक संख्या के लिए सर्वश्रेष्ठ भलाई के प्रवर्तक हों?**

Ans
- ✓ 1. उपयोगितावाद (Utilatorianism)
- ✗ 2. कर्तव्यशास्त्र (Deantology)
- ✗ 3. नीतिपरक स्वार्थवाद (Ethical Egoism)
- ✗ 4. सद्गुण नीतिशास्त्र (Virtue Ethics)

**Q.17** **मानव संसाधन प्रबंधन में भर्ती एवं चयन के संबंध में दिए गए कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन करें।**

**कथन I: भर्ती एक सकारात्मक प्रक्रिया है क्योंकि यह एक रिक्ति के लिए अधिक से अधिक उम्मीदवारों को आकर्षित करने का प्रयास करती है।**
**कथन II: चयन भी एक सकारात्मक प्रक्रिया है क्योंकि इसमें सर्वोत्तम को चुनने के लिए अनुपयुक्त उम्मीदवारों को अस्वीकार करना शामिल है।**

**Ans**
- ✗ 1. कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
- ✗ 2. कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
- ✓ 3. कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
- ✗ 4. कथन I और कथन II दोनों गलत हैं।

**Q.18** **निम्नलिखित में से कौन-सा, उपभोक्ता संगठनों/NGO का कार्य नहीं है?**

**Ans**
- ✓ 1. व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का लाभ बढ़ाना
- ✗ 2. मिलावटी उत्पादों के संबंध प्रदर्शनी आयोजित करना
- ✗ 3. उपभोक्ता मामलों पर पत्रिकाएँ प्रकाशित करना
- ✗ 4. उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और उत्तरदायित्वता के संबंध में शिक्षित करना

**Q.19** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प नियंत्रण प्रक्रिया में शामिल आनुक्रमिक चरणों को सही ढंग से सूचीबद्ध करता है?**

**Ans**
- ✗ 1. निष्पादन को मापना → मानक निर्धारित करना → परिणामों की तुलना करना → सुधारात्मक कार्रवाई करना
- ✗ 2. मानक निर्धारित करना → सुधारात्मक कार्रवाई करना → निष्पादन को मापना → परिणामों की तुलना करना
- ✗ 3. सुधारात्मक कार्रवाई करना → मानक निर्धारित करना → निष्पादन को मापना → परिणामों की तुलना करना
- ✓ 4. मानक निर्धारित करना → निष्पादन को मापना → परिणामों की तुलना करना → सुधारात्मक कार्रवाई करना

**Q.20** **सामरिक प्रबंधन (Strategic Management) का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

**Ans**
- ✗ 1. कंपनी के दैनिक संचालन को संभालना
- ✗ 2. केवल वित्तीय संसाधनों (financial resources) का प्रबंधन करना
- ✓ 3. दीर्घकालिक संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजनाएं बनाना और उन्हें लागू करना
- ✗ 4. कर्मचारियों की उपस्थिति का पर्यवेक्षण करना

Section : **Discipline4**

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सा, उपभोक्ता संगठनों का विशिष्ट कार्य नहीं है?**

**Ans**
- ✗ 1. अदालती कार्यवाही में उपभोक्ताओं की सहायता करना
- ✗ 2. उपभोक्ता जागरूकता पर पत्रिकाएं प्रकाशित करना
- ✗ 3. उपभोक्ता शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन करना
- ✓ 4. सरकारी कानून की शुरुआत करना

**Q.2** **व्यवसाय प्रबंधन के उद्देश्यों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

**(i) प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य न्यूनतम प्रयासों और संसाधनों से अधिकतम परिणाम प्राप्त करना है।**
**(ii) उत्पादन के विभिन्न साधनों के उचित उपयोग से उनकी दक्षता को काफी ऊपर स्तर तक बढ़ाया जा सकता है, जो सभी प्रकार की विकृति, अपव्यय और टूट-फूट को कम करके प्राप्त किया जा सकता है।**
**(iii) प्रबंधन, उद्यम के सुचारू और समन्वित संचालन को सुनिश्चित करता है।**

**Ans**
- ✗ 1. केवल (i) और (ii)
- ✗ 2. केवल (ii) और (iii)
- ✓ 3. सभी (i), (ii) और (iii)
- ✗ 4. केवल (i) और (iii)

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, व्यक्तित्व के प्रति अंतःक्रियावादी उपागम को सर्वोत्तम ढंग से दर्शाता है?**

**Ans**
- ✗ 1. बचपन के बाद व्यक्तित्व स्थिर और अपरिवर्तनीय होता है।
- ✓ 2. व्यक्तित्व, वंशानुगत विशेषकों और परिवेशीय कारकों दोनों का परिणाम है।
- ✗ 3. अकेले परिवेश व्यक्ति के व्यवहार को निर्धारित करता है।
- ✗ 4. व्यक्तित्व पूरी तरह से वंशानुगत विशेषकों से निर्मित होता है।

**Q.4** **QC सर्किल (QC Circles) में संचालन समिति की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

Ans
- ✗ 1. अनुपस्थित होने की स्थिति में सुविधाकर्ताओं को प्रतिस्थापित करना
- ✗ 2. सर्किल के सदस्यों को सीधे तकनीकी कार्यों में प्रशिक्षित करना
- ✓ 3. QC सर्किल के लिए नीति मार्गदर्शन, संसाधन और प्रचारात्मक सहायता प्रदान करना
- ✗ 4. दैनिक कार्यों का पर्यवेक्षण करना

**Q.5** **TQM, त्रुटियों को बाद में सुधारने के बजाय, उनके घटित होने से पहले ही समाप्त करने पर केंद्रित है। यह _______ को संदर्भित करता है।**

Ans
- ✗ 1. सतत सुधार
- ✓ 2. दोषों की रोकथाम
- ✗ 3. संगठनात्मक उत्कृष्टता
- ✗ 4. मानकीकरण

**Q.6** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रबंधन की समूह-गतिविधि के रूप में सही तरके से व्याख्या करता है?**

Ans
- ✓ 1. समूह गतिविधि के रूप में प्रबंधन, प्रबंधकों और कर्मचारियों के सामूहिक योगदान के महत्व को दर्शाता है।
- ✗ 2. प्रबंधन में समूह गतिविधि तब सफल होती है जब व्यक्ति बिना समन्वय के अलग-अलग कार्य करते हैं।
- ✗ 3. प्रबंधन में समूह गतिविधि का अर्थ है कि व्यक्तिगत प्रयास, टीम के योगदान से अधिक महत्वपूर्ण है।
- ✗ 4. समूह गतिविधि के रूप में प्रबंधन कर्मचारियों की भूमिका को उपेक्षा करता है और केवल शीर्ष प्रबंधकों पर ध्यान देता है।

**Q.7** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प प्रबंधन की गतिशील प्रकृति का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

Ans
- ✗ 1. यह बाह्य प्रभावों से स्वतंत्र होता है।
- ✗ 2. यह पर्यावरणीय परिवर्तनों की उपेक्षा करता है।
- ✓ 3. यह सामाजिक-आर्थिक और तकनीकी परिवर्तनों के साथ विकसित होता है।
- ✗ 4. यह नवाचार का प्रतिरोध करता है।

**Q.8** **रवि ने एक रेफ्रिजरेटर खरीदा, लेकिन रोकड़ पर्ची पर जोर नहीं दिया। बाद में, रेफ्रिजरेटर ने गारंटी अवधि के भीतर कार्य करना बंद कर दिया, और दुकानदार ने खरीद के प्रमाण के बिना इसकी मरम्मत करने से इनकार कर दिया। एक उपभोक्ता के रूप में रवि किस उत्तरदायित्व का पालन करने में असफल रहा?**

Ans
- ✗ 1. उपभोक्ता अधिकारों के बारे में जानना
- ✗ 2. भ्रामक विज्ञापनों की उपेक्षा करना
- ✓ 3. खरीद पर रोकड़ पर्ची की मांग करना
- ✗ 4. उत्पादों का कानूनी और ईमानदारी से उपयोग करना

**Q.9** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, व्यावसायिक परिवेश की 'गतिशील प्रकृति' को सर्वोत्तम ढंग से दर्शाता है?**

Ans
- ✓ 1. यह तकनीकी, आर्थिक, राजनीतिक और विधिक परिवर्तनों के कारण लगातार विकसित होता रहता है।
- ✗ 2. इसमें केवल वे आर्थिक कारक शामिल होते हैं, जो प्रत्येक तिमाही में बदलते हैं।
- ✗ 3. यह समय के साथ स्थिर रहता है, जिससे व्यवसायों को प्रभावी ढंग से योजना बनाने में सहायता मिलती है।
- ✗ 4. यह पूरी तरह से व्यवसाय पर लागू विधिक विनियमों पर केंद्रित होता है।

**Q.10** **जब कोई कर्मचारी किसी सहकर्मी को इसलिए मेहनती समझता है क्योंकि वह सदैव निर्धारित समय से पहले आता है, तो यह किस प्रकार की बोधात्मक त्रुटि (perceptual error) को दर्शाता है?**

Ans
- ✗ 1. चयनात्मक प्रत्यक्षण (Selective perception)
- ✗ 2. स्टीरियोटाइपिंग (Stereotyping)
- ✓ 3. परिवेश प्रभाव (Halo effect)
- ✗ 4. प्रक्षेपण (Projection)

**Q.11** **ISO 9000 प्रमाणन का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

Ans
- ✗ 1. वित्तीय रिपोर्टिंग पद्धतियों का मानकीकृत करना
- ✗ 2. पर्यावरणीय विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना
- ✓ 3. गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों के लिए रूपरेखा स्थापित करना
- ✗ 4. कर्मचारी कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देना

**Q.12** एक CEO दूरदर्शिता, नवाचार और कर्मचारी विकास को प्रेरित करके डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व करता है। हालाँकि, मध्य प्रबंधक अधिकतर अल्पकालिक लक्ष्यों के लिए पुरस्कार और दंड पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इस नेतृत्व परिदृश्य का सर्वोत्तम वर्णन क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. CEO: करिश्माई नेतृत्व; मध्य प्रबंधक: अहस्तक्षेप, नेतृत्व में अंतर दर्शाता है
- ✗ 2. CEO और मध्य प्रबंधक दोनों: आकस्मिक नेतृत्व, परिस्थिति की मांग के अनुसार अनुकूलन
- ✗ 3. CEO: सेवक नेतृत्व; मध्य प्रबंधक: एकतंत्रीय, नेतृत्व संघर्ष का कारण
- ✓ 4. CEO: परिवर्तनकारी नेतृत्व; मध्य प्रबंधक (Middle manager): लेन-देन संबंधी नेतृत्व, मिश्रित प्रभाव उत्पन्न करने वाला

---

**Q.13** प्रबंधन के स्तरों के sln संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**
- ✗ 1. संगठन में प्रबंधक का स्तर तकनीकी, मानवीय और संकल्पनात्मक कौशल रखने के सापेक्ष महत्व को निर्धारित करता है।
- ✗ 2. सुपरवाइजरों और टीम लीडरों को उत्पाद बनाने और ग्राहकों की सेवा करने वाले कर्मचारियों का प्रबंधन करने, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने और कर्मचारियों की समस्याओं को सुलझाने में सहायता करने के लिए तकनीकी कौशल की आवश्यकता होती है।
- ✓ 3. प्रबंधन के सभी स्तरों पर अन्य लोगों के साथ सफलतापूर्वक बातचीत और संवाद करने के लिए मानवीय कौशल की आवश्यकता नहीं होती है।
- ✗ 4. शीर्ष स्तर के प्रबंधकों को संकल्पनात्मक कौशल की आवश्यकता होती है, जिससे वे संगठन को समग्र रूप से देख सकें, तथा पहचान सकें कि कंपनी समुदाय, ग्राहकों और प्रतिस्पर्धा से किस प्रकार प्रभावित होती है।

---

**Q.14** निम्नलिखित में से किसे सामान्य व्यावसायिक वातावरण का आयाम नहीं माना जाता है?

**Ans**
- ✓ 1. संगठन की आंतरिक संरचना
- ✗ 2. सामाजिक
- ✗ 3. आर्थिक
- ✗ 4. प्रौद्योगिकीय

---

**Q.15** निम्नलिखित में से किस कथन के अनुसार प्रबंधन को एक लक्ष्य-उन्मुख प्रक्रिया माना जाता है?

**Ans**
- ✓ 1. यह सभी गतिविधियों के पूर्व निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में निर्देशित होना सुनिश्चित करता है।
- ✗ 2. यह मुख्य रूप से कर्मचारी कल्याण पर केंद्रित है।
- ✗ 3. यह केवल बदलते परिवेश के अनुसार अनुकूलित होता है।
- ✗ 4. यह विशेष रूप से वित्तीय परिणामों से संबंधित है।

---

**Q.16** बिजनेस प्रोसेस रीइंजीनीयरिंग (Business Process Reengineering - BPR) में, प्राथमिक फोकस ____________ पर होता है।

**Ans**
- ✗ 1.
केवल परिचालन में लागत में कटौती
- ✓ 2. प्रक्रियाओं के मौलिक पुनर्विचार और मौलिक पुनर्रचना
- ✗ 3.
आउटसोर्सिंग व्यावसायिक कार्य
- ✗ 4. मौजूदा प्रक्रियाओं में वृद्धिशील सुधार

---

**Q.17** किस विपणन कार्य में उत्पादकों से उपभोक्ताओं तक वस्तुओं का भौतिक संचलन सम्मिलित है?

**Ans**
- ✗ 1. उत्पाद नियोजन
- ✗ 2. विज्ञापन
- ✓ 3. वितरण
- ✗ 4. ब्रैंडिंग

---

**Q.18** 'ग्रीन मार्केटिंग (Green Marketing)' से क्या तात्पर्य है?

**Ans**
- ✗ 1. केवल कृषि उत्पादों का विपणन
- ✗ 2. केवल हरे रंग की पैकेजिंग का उपयोग करना
- ✓ 3. विपणन प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना
- ✗ 4. केवल पर्यावरण-अनुकूल उपभोक्ताओं को उत्पाद बेचना

---

**Q.19** उस मार्केटिंग मॉडल की पहचान कीजिए जहां एक व्यवसाय ग्राहकों को खरीदने का निर्णय लेने से पहले किसी उत्पाद (जैसे कॉस्मेटिक या डिजिटल ऐप) का उपयोग करने देता है।

**Ans**
- ✓ 1. मुक्त-परीक्षण या अनुभवात्मक मार्केटिंग मॉडल
- ✗ 2. उत्पाद संकल्पना
- ✗ 3. सोशल मार्केटिंग मॉडल
- ✗ 4. विक्रय संकल्पना

**Q.20** **हेनरी फेयोल के अनुसार, 'समादेश की एकता (Unity of Command)' के सिद्धांत का क्या अर्थ है?**

Ans

❌ 1. प्रबंधकों को अधीनस्थों को रिपोर्ट करना चाहिए।

❌ 2. आदेश केवल लिखित रूप में दिए जाने चाहिए।

❌ 3. एक अधीनस्थ को कई वरिष्ठों से आदेश प्राप्त होने चाहिए।

✅ 4. एक अधीनस्थ को केवल एक वरिष्ठ से आदेश प्राप्त होने चाहिए।

Section : **Discipline5**

**Q.1** **मानव संसाधन प्रबंधन को कला एवं विज्ञान दोनों माना जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति HRM के "विज्ञान" पहलू के बजाय "कला" पहलू पर प्रकाश डालती है?**

Ans

❌ 1. सॉफ्टवेयर का उपयोग करके वेतनपत्रक (payroll) तैयार करना

✅ 2. समानुभूति और परामर्श के माध्यम से खराब प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी को अभिप्रेरित करना

❌ 3.
अनुसंधान के आधार पर चरण-दर-चरण भर्ती प्रक्रिया का मसौदा तैयार करना

❌ 4. कर्मचारी आवर्त (employee turnover) का अनुमान लगाने के लिए डेटा विश्लेषण का उपयोग करना

**Q.2** **1991 में पूंजी निर्गम नियंत्रक (CCI) के कार्यालय के उन्मूलन के परिणामस्वरूप, निम्नलिखित में से क्या घटित हुआ?**

Ans

❌ 1. SEBI के अधीन प्राथमिक और द्वितीयक बाजार का विलय

❌ 2.
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) की स्थापना

❌ 3. भारतीय रिज़र्व बैंक को इसके कार्यों का हस्तांतरण

✅ 4. 1992 में SEBI को सांविधिक मान्यता प्रदान करना

**Q.3** **बही खाते को संतुलित करने के निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित करें:**
**1. बड़े पक्ष को (डेबिट या क्रेडिट) पहचानें।**
**2. कम योग वाले पक्ष पर "शेष c/d" दर्ज करें।**
**3. दोनों पक्षों का योग करें और आंकड़े लिखें।**
**4. शेष राशि को अगली मीयाद में "शेष b/d" के रूप में ले जाएँ।**

Ans

❌ 1. 2 → 1 → 3 → 4

❌ 2. 4 → 3 → 1 → 2

✅ 3. 1 → 2 → 3 → 4

❌ 4. 3 → 1 → 2 → 4

**Q.4** **TQM के डेमिंग चक्र (PDCA) में, कौन-सी क्रिया 'जांच (Check)' चरण का सबसे सटीक निरूपण करती है?**

Ans

❌ 1. आउटपुट में दोष पता करने के लिए नियमित निरीक्षण करना

❌ 2. पहचाने गए दोषों को दूर करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करना

❌ 3. नव स्थापित गुणवत्ता प्रक्रियाओं पर कर्मचारी प्रशिक्षण आयोजित करना

✅ 4. नियोजित उद्देश्यों के विरुद्ध प्रक्रिया निष्पादन का विश्लेषण करना और विचलन के कारणों की पहचान करना

**Q.5** **बैंक में जमा किए गए लेकिन अस्वीकृत चेक को बैंक समाधान विवरण में किस प्रकार दर्ज किया जाएगा?**

Ans

❌ 1. समाधान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

❌ 2. पासबुक शेष में जोड़ा जाएगा

❌ 3. कैश बुक शेष में जोड़ा जाएगा

✅ 4. कैश बुक शेष से घटाया जाएगा

**Q.6** **वित्तीय प्रबंधन मुख्यतः निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

Ans

❌ 1. मानव संसाधन नीति सूत्रीकरण

✅ 2. वित्तीय संसाधनों की योजना, संगठन और नियंत्रण

❌ 3. पिछले लेन-देन के लेखाकरण

❌ 4. ख़रीद प्रक्रियाओं के प्रबंधन

**Q.7** **जब जब्त शेयरों को छूट के साथ पुनर्निर्गम किया जाता है, तो दी गई छूट, _______ से अधिक नहीं हो सकती है।**

Ans

❌ 1. शेयरों के मूल निर्गम मूल्य

❌ 2. जब्त शेयरों के अंकित मूल्य (nominal value)

✅ 3. ऐसे जब्त शेयरों पर पुनर्निर्गम से पूर्व प्राप्त राशि

❌ 4. शेयरों के फेस वैल्यू

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।<br><br>(i) व्यवहार से तात्पर्य किसी व्यक्ति द्वारा की गई प्रतिक्रिया से है।<br>(ii) व्यक्तियों का पालन-पोषण एक विशेष वातावरण जैसे परिवार, समाज, संस्कृति आदि में होता है। ये वातावरणीय कारक व्यक्तियों के व्यवहार को प्रभावित करते हैं। | |
| Ans | ✗ 1. कथन (i) असत्य है और कथन (ii) सत्य है।<br>✗ 2. कथन (i) सत्य है और कथन (ii) असत्य है।<br>✓ 3. कथन (i) और (ii) दोनों सत्य हैं।<br>✗ 4. कथन (i) और (ii) दोनों असत्य हैं। | |

| | |
|---|---|
| Q.9 | निम्नलिखित में से कौन-सा, वित्तीय प्रबंधन का मुख्य कार्य नहीं है? |
| Ans | ✗ 1. निधियों का निवेश<br>✗ 2. पूंजीगत अपेक्षाओं का आकलन करना<br>✗ 3. अधिशेष का निपटान<br>✓ 4. उत्पादों का विपणन |

| | |
|---|---|
| Q.10 | ________, भारत में व्युत्पन्न व्यापार (वायदा और विकल्प) के लिए व्यापार मंच प्रदान करता है। |
| Ans | ✗ 1. वित्त मंत्रालय<br>✗ 2. RBI<br>✓ 3. NSE और BSE<br>✗ 4. क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया |

| | |
|---|---|
| Q.11 | कंपनी के संदर्भ में 'सीमित देयता' का क्या अर्थ है? |
| Ans | ✗ 1. शेयरधारक कंपनी के सभी ऋणों के लिए उत्तरदायी होते हैं।<br>✓ 2. शेयरधारकों की देयता उनके शेयरों पर अदत्त राशि तक सीमित होती है।<br>✗ 3. शेयरधारक अपने लाभ के अनुपात में कंपनी के ऋण के लिए उत्तरदायी होते हैं।<br>✗ 4. शेयरधारकों का कोई दायित्व नहीं होता है, भले ही शेयर का भुगतान नहीं किया गया हो। |

| | |
|---|---|
| Q.12 | किसी कंपनी द्वारा शेयर एप्लिकेशन राशि प्राप्त होने पर कंपनी की लेखा पुस्तकों के किस खाते में जमा किया जाता है? |
| Ans | ✗ 1. बैंक A/c<br>✗ 2. शेयर प्रीमियम A/c<br>✓ 3. इक्विटी शेयर एप्लीकेशन A/c<br>✗ 4. इक्विटी शेयर कैपिटल A/c |

| | |
|---|---|
| Q.13 | भारत में, लेखा मानदण्ड (Accounting Standard) मुख्य रूप से ________________ द्वारा जारी किए जाते हैं। |
| Ans | ✗ 1. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड<br>✗ 2. भारतीय रिजर्व बैंक<br>✗ 3. कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय<br>✓ 4. इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टरड अकॉउटेंटस ऑफ इंडिया |

| | |
|---|---|
| Q.14 | परेषण में परेषिती द्वारा रखे गए माल की हानि कौन वहन करता है? |
| Ans | ✓ 1. परेषक<br>✗ 2. क्रेता<br>✗ 3. बैंक<br>✗ 4. परेषिती |

| | |
|---|---|
| Q.15 | निष्पादन मूल्यांकन को कर्मचारी नियोजन (staffing) का अभिन्न अंग क्यों माना जाता है? |
| Ans | ✓ 1. यह प्रशिक्षण की आवश्यकताओं का आकलन करने और कर्मचारियों को पुरस्कृत करने में मदद करता है।<br>✗ 2. यह कम उत्पादकता के दौरान काम बंदी (layoff) को प्रोत्साहित करता है।<br>✗ 3. यह प्राधिकार के प्रत्यायोजन को रोकता है।<br>✗ 4. यह सुनिश्चित करता है कि पदोन्नति केवल समयबद्ध होती है। |

| | |
|---|---|
| Q.16 | बिजनेस प्रोसेस रीइंजीनियरिंग (Business Process Reengineering) प्रक्रिया में चरणों का सही क्रम कौन-सा है? |
| Ans | ✗ 1. विद्यमान प्रक्रिया का विश्लेषण → दृष्टि का निर्माण → टीम का चयन → नई प्रक्रिया का विकास → कार्यान्वयन → मूल्यांकन<br>✗ 2. टीम का चयन → दृष्टि का निर्माण → नई प्रक्रिया का विकास → विद्यमान प्रक्रिया का विश्लेषण → कार्यान्वयन → मूल्यांकन<br>✗ 3. दृष्टि का निर्माण → विद्यमान प्रक्रिया का विश्लेषण → टीम का चयन → नई प्रक्रिया का विकास → कार्यान्वयन → मूल्यांकन<br>✓ 4. दृष्टि का निर्माण → टीम का चयन → विद्यमान प्रक्रिया का विश्लेषण → नई प्रक्रिया का विकास → कार्यान्वयन → मूल्यांकन |

**Q.17** **लेखांकन में यथातथ निरूपण (Representational faithfulness) का तात्पर्य है कि सूचना ______________________ ।**

Ans
- ✗ 1. यथासंभव सरलतम भाषा में प्रस्तुत की जानी चाहिए
- ✓ 2. तथ्यात्मक, निष्पक्ष तथा चूक या कमीशन से मुक्त होनी चाहिए
- ✗ 3. प्रागुक्तिक होनी चाहिए, लेकिन आवश्यक नहीं कि वह त्रुटियों से मुक्त हो
- ✗ 4. केवल लेखांकन मानकों के आधार पर तैयार की जानी चाहिए

**Q.18** **If a machinery costs ₹15,00,000 and depreciation is provided at 10% per annum, what will be the journal entry to transfer depreciation to the Profit and Loss Account?**

Ans
- ✓ 1. Profit and Loss A/c Dr. ₹1,50,000 To Depreciation A/c ₹1,50,000
- ✗ 2. Machinery A/c Dr. ₹1,50,000 To Profit and Loss A/c ₹1,50,000
- ✗ 3. Provision for Depreciation A/c Dr. ₹1,50,000 To Profit and Loss A/c ₹1,50,000
- ✗ 4. Depreciation A/c Dr. ₹1,50,000 To Machinery A/c ₹1,50,000

**Q.19** **एक बहुराष्ट्रीय निगम का संतुलित स्कोरकार्ड मज़बूत वित्तीय परिणाम दिखाता है, लेकिन आंतरिक प्रक्रिया की अक्षमताएँ उद्योग मानकों (बेंचमार्क) से अधिक हैं। उन्नत नियंत्रण सिद्धांत के अनुसार, प्रबंधन को क्या करना चाहिए?**

Ans
- ✗ 1. केवल गैर-वित्तीय मीट्रिक पर ही ध्यान केंद्रित करें क्योंकि वित्तीय डेटा भविष्य के प्रदर्शन से पीछे (lags) रहता है।
- ✗ 2. वित्तीय प्रभावों की प्रतीक्षा करें और फिर सुधार के लिए फ़ीडबैक नियंत्रण लागू करें।
- ✓ 3. अक्षमताओं से वित्तीय स्थिति को नुकसान पहुँचने से पहले प्रक्रियाओं को पुनः डिज़ाइन करने के लिए फीडफ़ॉरवर्ड नियंत्रण का उपयोग करें।
- ✗ 4. वर्तमान कार्यनीति को बनाए रखें क्योंकि उच्च ROI का अर्थ है समग्र दक्षता।

**Q.20** **सुमित ने ₹5,00,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया और अजय से ₹1,00,000 उधार लिए। अतः परिसंपत्ति (नकद) की राशि ₹6,00,000 है। इन दोनों लेन-देनों का लेखांकन समीकरण किस प्रकार होगा?**

Ans
- ✗ 1. पूंजी = परिसंपत्ति (नकद) + देयता (अजय से ऋण)
  15,00,000 = 5,00,000 + 1,00,000
- ✓ 2. परिसंपत्ति (नकद) = पूंजी + देयता (अजय से ऋण)
  6,00,000 = 5,00,000 + 1,00,000
- ✗ 3. देयता = पूंजी - परिसंपत्ति (नकद)
  5,00,000 = 5,00,000 - 1,00,000
- ✗ 4. परिसंपत्ति (नकद) = पूंजी - देयता (अजय से ऋण)
  5,00,000 = 5,00,000 - 1,00,000

Section : **Discipline6**

**Q.1** **एक आंतरिक लेखा परीक्षक एक NPO की वित्तीय रिपोर्टिंग की समीक्षा कर रहा है और दानदाताओं द्वारा खंडित निधियों के उपयोग को नोट करता है — कुछ शिक्षा कार्यक्रमों के लिए, शेष सामान्य प्रशासन के लिए। NPO में निधि-आधारित लेखांकन के अंतर्गत, ऐसी निधियों को किस प्रकार वर्गीकृत किया जाना चाहिए?**

Ans
- ✗ 1. तुलन-पत्र में इक्विटी के रूप में माना गया
- ✗ 2. बिना पुनर्भुगतान दायित्व वाले ऋणों के रूप में रिपोर्ट किया गया
- ✓ 3. दाता प्रतिबंधों के आधार पर अस्थायी या स्थायी रूप से प्रतिबंधित निधियों के रूप में वर्गीकृत
- ✗ 4. एकल कॉलम में अप्रतिबंधित आय के रूप में समेकित

**Q.2** **आवेदन राशि की वापसी के संबंध में, यदि उल्लिखित न्यूनतम अभिदत्त राशि नहीं ली गई है और आवेदन पर देय राशि उसमें निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्राप्त नहीं होती है, तो आवेदन राशि को निर्गम के बंद होने से ________ दिनों की अवधि के भीतर वापस कर दिया जाएगा।**

Ans
- ✓ 1. पंद्रह
- ✗ 2. बीस
- ✗ 3. दस
- ✗ 4. तीस

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, वैधानिक ढांचे (statutory framework) के आधार पर SEBI की उद्देशिका और मुख्य मिशन का सर्वोत्तम ढंग से वर्णन करता है?**

Ans
- ✗ 1. वेतनभोगी व्यक्तियों को ऋण प्रदान करना
- ✗ 2. भारत सरकार के लिए कर संग्रह को अधिकतम करना
- ✗ 3. वित्त मंत्रालय के लिए औद्योगिक नीतियों का मसौदा तैयार करना
- ✓ 4. निवेशकों के हितों की रक्षा करना, प्रतिभूति बाजार को विनियमित करना तथा इसकी वृद्धि और दक्षता सुनिश्चित करना

**Q.4** **Provisions are shown in the balance sheet under:**

Ans

- ✗ 1. Either reserves & surplus or current liabilities depending on nature
- ✓ 2. Current Liabilities
- ✗ 3. Reserves & Surplus
- ✗ 4. Contingent Liabilities

**Q.5** **क्लार्क लिमिटेड ने ₹10 प्रति शेयर के 500 शेयर (₹8 की मांग और प्रदत्त, अंतिम मांग पर ₹2 अप्रदत्त) जब्त कर लिए। इन्हें जॉन को ₹7 प्रति शेयर की दर से पूर्ण भुगतान के रूप में पुनः जारी किया गया। पुनः जारी करने के बाद पूंजी आरक्षित में कितनी राशि हस्तांतरित की जाएगी?**

Ans

- ✗ 1. ₹1,500
- ✗ 2. ₹1,000
- ✗ 3. ₹500
- ✓ 4. ₹2,500

**Q.6** **यदि शेयर, फेस वैल्यू (face value) से अधिक कीमत पर जारी किए जाते हैं, तो अतिरिक्त राशि को _________ में जमा किया जाता है।**

Ans

- ✗ 1. पूंजी आरक्षिति (Capital reserve)
- ✓ 2. प्रतिभूति प्रीमियम खाते (Securities premium account)
- ✗ 3. शेयर समहरण खाते (Share forfeiture account)
- ✗ 4. लाभ-हानि खाते (Profit and loss account)

**Q.7** **बैंक समाधान तैयार करते समय यदि रोकड़ बही, पारगमन में ₹2,000 जमा और खाता बही में अज्ञात ₹500 बैंक प्रभार के कारण बैंक विवरण से ₹10,000 अधिक दर्शाती है, तो समायोजित रोकड़ बही शेष (cash book balance) कितना होगा?**

Ans

- ✗ 1. ₹11,000
- ✗ 2. ₹12,500
- ✗ 3. ₹7,500
- ✓ 4. ₹9,500

**Q.8** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प लेखांकन में सुनाम प्रतिष्ठान अवधारणा (Going Concern Concept) को दर्शाता है?**

Ans

- ✗ 1. अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास नहीं लगाया जाता है
- ✗ 2. राजस्व केवल नकद प्राप्ति पर ही दर्ज किया जाता है
- ✓ 3. यह माना जाता है कि व्यवसाय अनिश्चित काल तक परिचालित रहेगा, जब तक कि उसके समाप्त होने के साक्ष्य न मिलें
- ✗ 4. परिसंपत्तियों को उनके परिसमापन मूल्य पर दर्ज किया जाता है

**Q.9** **एक व्यावसायिक संस्था हरीश से देय राशि ₹10,000 में से ₹8,000 प्राप्त करती है। हरीश शेष राशि का भुगतान करने में असमर्थ है, इसलिए शेष राशि व्यवसाय के लिए अशोध्य ऋण बन जाती है। इस लेनदेन की यौगिक-प्रविष्टि किस प्रकार होगी?**

Ans

- ✗ 1. बैंक खाता नाम ₹2,000
  अशोध्य ऋण खाता नाम ₹8,000
  हरीश खाता से ₹10,000
- ✗ 2. बैंक खाता नाम ₹8,000
  हरीश खाता से ₹8,000
- ✓ 3. बैंक खाता नाम ₹8,000
  अशोध्य ऋण खाता नाम ₹2,000
  हरीश खाता से ₹10,000
- ✗ 4. बैंक खाता नाम ₹10,000
  हरीश खाता से ₹10,000

**Q.10** परेषण लेखांकन में, उन्नत वित्तीय लेखांकन सिद्धांतों के अंतर्गत लेखांकन उपचार के अनुरूप निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
(i) परेषक द्वारा किए गए अनावर्ती व्यय (जैसे भाड़ा, बीमा और सीमा शुल्क) बिना बिके परेषण स्टॉक की लागत में शामिल किए जाते हैं, जबकि आवर्ती व्यय (जैसे गोदाम किराया और विक्रय व्यय) पूंजीकृत नहीं होते हैं।
(ii) अपसामान्य हानि का मूल्यांकन आनुपातिक लागत और आनुपातिक अनावर्ती व्ययों के योग पर किया जाता है, और इसका मान परेषण खाते में जमा किया जाता है जबकि यदि कोई बीमा दावा प्राप्य हो तो, उसे अलग से दर्ज किया जाता है।
(iii) परेषक को दिया गया आश्वासी (Del-credere) कमीशन परेषक को क्रेडिट हानियों और अपसामान्य हानियों दोनों से बचाता है।
(iv) परेषक की पुस्तकों में बिना बिके परेषण स्टॉक का मूल्यांकन लागत और आनुपातिक अनावर्ती व्ययों में से आनुपातिक अपसामान्य हानि, यदि कोई हो, घटाकर किया जाता है।

Ans
✔ 1. केवल (i), (ii), और (iv)
✘ 2. सभी (i), (ii), (iii), और (iv)
✘ 3. केवल (ii), (iii), और (iv)
✘ 4. केवल (i), (iii), और (iv)

**Q.11** खाता-बही में प्रविष्टि (Posting) से क्या अभिप्राय है?

Ans
✘ 1. बहीखाते में लेन-देन रिकॉर्ड करना
✘ 2. तल-पट (trial balance) तैयार करना
✔ 3. खाता-बही से खाता लेखों में प्रविष्टियाँ अंतरित करना
✘ 4. बैंक विवरणों का मिलान करना

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सी त्रुटियाँ, परीक्षण शेष का मिलान (agreement of trial balance) को प्रभावित नहीं करेगी?

Ans
✘ 1. किसी खाते में गलत धनराशि को पोस्ट करना
✘ 2. गलत खाते पर गलत पक्ष से पोस्ट करना
✔ 3. किसी लेन-देन की पूर्ण चूक
✘ 4. खाते के संतुलन में त्रुटि

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सी विनिमय पत्र की एक अनिवार्य विशेषता है?

Ans
✘ 1. भुगतान किसी भी वस्तु के रूप में हो सकता है।
✘ 2. इसमें दिनांक अंकित करने की आवश्यकता नहीं होती है।
✘ 3. यह मौखिक या लिखित हो सकता है।
✔ 4. इसमें एक निश्चित राशि के भुगतान का शर्त रहित आदेश होना चाहिए।

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सी OTCEI की प्रमुख परिसीमा थी जिसके कारण भारतीय वित्तीय बाजार में इसका पतन हुआ?

Ans
✘ 1. प्रत्येक व्यापार के लिए SEBI अनुमोदनों पर अत्यधिक निर्भरता
✘ 2. संस्थागत निवेशकों की अत्यधिक भागीदारी
✘ 3. क्षेत्रीय स्टॉक एक्सचेंजों से कड़ी प्रतिस्पर्धा
✔ 4. खराब द्वितीयक बाजार सक्रियता के कारण तरलता और निवेशकों की रुचि का अभाव

**Q.15** एक कंपनी ₹50,000 के बही मूल्य वाली मशीनरी (परिसंपत्ति) को ₹10,000 के लाभ पर बेचती है। डेबिट और क्रेडिट के नियमों के आधार पर, जर्नल प्रविष्टि में __________________ शामिल होगा।

Ans
✔ 1. डेबिट नकद ₹60,000; क्रेडिट मशीनरी ₹50,000; क्रेडिट लाभ और हानि खाता ₹10,000
✘ 2. डेबिट लाभ और हानि खाता ₹10,000; डेबिट नकद ₹50,000; क्रेडिट मशीनरी ₹60,000
✘ 3. डेबिट नकद ₹60,000; डेबिट लाभ और हानि खाता ₹10,000; क्रेडिट मशीनरी ₹70,000
✘ 4. डेबिट नकद ₹50,000; क्रेडिट मशीनरी ₹50,000

**Q.16** अल्पावधि ऋण में ऋण की तिथि से ______ महीने की अवधि के भीतर लिए गए सभी ऋण शामिल होंगे।

Ans
✘ 1. 36
✘ 2. 18
✔ 3. 12
✘ 4. 24

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारतीय मुद्रा बाजार में पुनर्खरीद समझौते (Repo) का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✘ 1. निगमों द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक अप्रतिभूत ऋण साधन
✘ 2. वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी किया गया एक परक्राम्य जमा प्रमाणपत्र
✘ 3. भारत सरकार द्वारा जारी एक दीर्घकालिक ऋण लिखत
✔ 4. एक अल्पकालिक ऋण जिसमें एक पक्ष प्रतिभूतियों को पूर्व निर्धारित मूल्य पर पुनर्खरीद समझौते के साथ बेचता है

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | यदि शेयर, नकद के अलावा (जैसे विनिमय में परिसंपत्ति) अन्य प्रतिफल के लिए ₹120 प्रति शेयर पर ₹5,40,000 की देय राशि के लिए जारी किए जाते हैं, तो कितने शेयर जारी किए जाते हैं और कितनी राशि प्रतिभूति प्रीमियम रिजर्व में जमा की जाती है? | |
| Ans | ✗ 1. 6,000 शेयर; ₹1,20,000 प्रीमियम<br>✓ 2. 4,500 शेयर; ₹90,000 प्रीमियम<br>✗ 3. 5,400 शेयर; ₹0 प्रीमियम<br>✗ 4. 3,600 शेयर; ₹1,80,000 प्रीमियम | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | साझेदारी फर्म के विघटन के दौरान साझेदार का ऋण कब चुकाया जाता है? | |
| Ans | ✓ 1. बाहरी लेनदारों को भुगतान के बाद लेकिन साझेदारों को पूंजी लौटाने से पहले<br>✗ 2. साझेदारों की पूंजी के साथ<br>✗ 3. बाहरी लेनदारों और साझेदारों की पूंजी के भुगतान के बाद<br>✗ 4. बाहरी लेनदारों और साझेदारों की पूंजी के भुगतान से पहले | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।<br><br>(i) जब दो या दो से अधिक व्यक्ति किसी विशिष्ट व्यावसायिक उद्यम को चलाने के लिए एक साथ शामिल होते हैं और सहमति के आधार पर लाभ साझा करते हैं, तो इसे 'संयुक्त उद्यम' कहा जाता है।<br>(ii) संयुक्त उद्यम में एक पक्ष के रूप में शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को साझेदार कहा जाता है। | |
| Ans | ✗ 1. कथन (i) असत्य है और कथन (ii) सत्य है।<br>✓ 2. कथन (i) सत्य है और कथन (ii) असत्य है।<br>✗ 3. कथन (i) और (ii) दोनों सत्य हैं।<br>✗ 4. कथन (i) और (ii) दोनों असत्य हैं। | |

Section : **Discipline7**

| | | |
|---|---|---|
| Q.1 | वित्तीय विश्लेषण कभी-कभी तब भ्रामक हो सकता है जब वित्तीय विवरण _________ की उपेक्षा करते हैं। | |
| Ans | ✓ 1. कर्मचारी कौशल या ब्रांड सद्भावना (brand goodwill) जैसे मुद्रेतर कारकों<br>✗ 2. बाह्य अलंकरण<br>✗ 3. समरूप तुलनाओं<br>✗ 4. लेखाकरण अनुपातों | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.2 | सह-उद्यमी के बीच योगदान, विक्रयागम (sales proceed), व्यय और अंतिम निपटान को रिकॉर्ड करने के लिए कौन-सा लेखा रखा जाता है? | |
| Ans | ✗ 1. उचंत लेखा (Suspense Account)<br>✗ 2. रोकड़ लेखा (Cash Account)<br>✗ 3. नकदीकरण लेखा (Realisation Account)<br>✓ 4. संयुक्त बैंक लेखा (Joint Bank Account) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | निम्नलिखित में से किसे वित्तीय प्रबंधन का प्राथमिक उद्देश्य माना जाता है? | |
| Ans | ✓ 1. शेयरधारकों की संपत्ति को अधिकतम करना<br>✗ 2. केवल तरलता बनाए रखना<br>✗ 3. प्रचालन संबंधी जोखिमों को कम करना<br>✗ 4. बिक्री को अधिकतम करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प किसी कंपनी की दीर्घकालिक ऋण-शोधन-क्षमता और उत्तरजीविता पर केंद्रित है? | |
| Ans | ✗ 1. श्रमिक संघ<br>✗ 2. ग्राहक<br>✗ 3. व्यापारिक देयताएं<br>✓ 4. ऋणदाता | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | लागत लेखांकन का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? | |
| Ans | ✗ 1. बैलेंस शीट तैयार करना<br>✓ 2. किसी उत्पाद या सेवा की लागत सुनिश्चित करना<br>✗ 3. केवल लाभ-हानि का निर्धारण करना<br>✗ 4. मानव संसाधन का प्रबंधन करना | |

**Q.6** जॉब लागत-निर्धारण में, लागत इकाई क्या होती है?

Ans
- ✗ 1. उत्पादन के लिए सामग्री की खेप
- ✗ 2. उत्पादन का प्रक्रम
- ✓ 3. विशिष्ट कार्य आदेश
- ✗ 4. उत्पाद लाइन

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा घटक, भारतीय लेखा मानक (अनुसूची III के भाग II, कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप) के अंतर्गत वित्तीय विवरणों में नया शामिल किया गया घटक है?

Ans
- ✓ 1. विस्तृत आय का विवरण और इक्विटी में परिवर्तन का विवरण
- ✗ 2. केवल लाभ और हानि का विवरण
- ✗ 3. केवल नकदी प्रवाह का विवरण
- ✗ 4. केवल लेखों के लिए पत्र

**Q.8** किसी वित्तीय मद की कई वर्षों तक समीक्षा करने से यह पता चलता है कि उसमें वृद्धि होती है या गिरावट, मुख्यत: किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. अनुपात विश्लेषण (Ratio Analysis)
- ✓ 2. प्रवृत्ति विश्लेषण (Trend Analysis)
- ✗ 3. सामान्य आकार के विवरण (Common Size Statements)
- ✗ 4. नकदी प्रवाह विश्लेषण (Cash Flow Analysis)

**Q.9** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और ओवर-द-काउंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया (OTCEI) के बीच संरचनात्मक और परिचालनात्मक अंतर की सबसे अच्छी व्याख्या करता है?

Ans
- ✗ 1. OTCEI, NSE के विपरीत, सभी सूचीबद्ध प्रतिभूतियों पर मार्जिन व्यापार की अनुमति देता है।
- ✗ 2. NSE विशेष रूप से लार्ज-कैप कंपनियों को सूचीबद्ध करता है, जबकि OTCEI केवल विदेशी कंपनियों को सूचीबद्ध करता है।
- ✓ 3. NSE राष्ट्रीय संपर्क वाला एक ऑर्डर-संचालित, अनाम इलेक्ट्रॉनिक एक्सचेंज है, जबकि OTCEI एक डीलर-आधारित, स्क्रीन-संचालित एक्सचेंज है, जो विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों का सहयोग करता है और बाजार निर्माताओं के माध्यम से संचालित होता है।
- ✗ 4. NSE इलेक्ट्रॉनिक व्यापार का उपयोग करने वाला एकमात्र भारतीय स्टॉक एक्सचेंज है।

**Q.10** लेखांकन में जर्नल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✓ 1. व्यवसाय के सभी वित्तीय लेनदेनों को कालानुक्रमिक क्रम में रिकॉर्ड करना
- ✗ 2. केवल नकद लेनदेन रिकॉर्ड करना
- ✗ 3. वित्तीय विवरणों को संक्षेप में प्रस्तुत करना
- ✗ 4. कर देयतायों का परिकलन करना

**Q.11** एक छोटा दुकानदार केवल अपनी रोकड़ बही और देनदारों व लेनदारों का रिकॉर्ड रखता है, और परिसंपत्तियों, व्ययों या खरीदारी के विस्तृत खाता-बही की उपेक्षा करता है। बहीखाता (bookkeeping) की इस पद्धति को सबसे अच्छे प्रकार से किस प्रकार वर्णित किया जा सकता है?

Ans
- ✗ 1. द्वि-प्रविष्टि प्रणाली (Double-Entry System)
- ✗ 2. पूर्ण लेखांकन प्रणाली (Full Accounting System)
- ✗ 3. निधि लेखांकन प्रणाली (Fund Accounting System)
- ✓ 4. अर्ध-एकल-प्रविष्टि प्रणाली (Quasi Single-Entry System)

**Q.12** वह सिद्धांत जिसके तहत नकदी प्राप्ति की उपेक्षा करके संप्राप्ति अर्जित होने पर ही उसका रिकॉर्ड रखना आवश्यक होता है, उसे ________ कहा जाता है।

Ans
- ✗ 1. मिलान सिद्धांत (matching principle)
- ✓ 2. राजस्व मान्यता सिद्धांत (revenue recognition principle)
- ✗ 3. विवेकशीलता सिद्धांत (prudence principle)
- ✗ 4. संगति सिद्धांत (consistency principle)

**Q.13** यदि तल-पट में कुल नामे, कुल जमा के बराबर नहीं है, तो यह दर्शाता है कि ___________।

Ans
- ✗ 1. व्यवसाय में लाभ अर्जित हुआ है
- ✗ 2. सभी लेखे (accounts) सही हैं
- ✓ 3. लेनदेन रिकॉर्ड करने या पोस्ट करने में त्रुटि हुई है
- ✗ 4. लेज़र खाते संतुलित हैं

**Q.14** **एक कंपनी का निवेश प्रतिफल (RoI) 15% है, जबकि ऋण की लागत 9% है। यदि कंपनी अपना ऋण वित्तीयन बढ़ा दे, तो क्या होगा?**

**Ans**
- ✗ 1. EPS कम हो जाएगा, और जोखिम कम हो जाएगा
- ✗ 2. EPS और वित्तीय जोखिम दोनों घट जाएंगे
- ✓ 3. आय प्रति शेयर (EPS) में वृद्धि हो जाएगी, लेकिन डिफॉल्ट होने का जोखिम भी बढ़ जाएगा
- ✗ 4. EPS अपरिवर्तित रहेगा, और जोखिम नहीं बदलेगा

**Q.15** **वित्तीय विवरणों के समस्तरीय विश्लेषण में __________ ।**

**Ans**
- ✗ 1. केवल एक वर्ष के विवरण का विश्लेषण शामिल होता है
- ✗ 2. विभिन्न संस्थाओं के वित्तीय विवरणों की तुलना शामिल होती है
- ✗ 3. कुल परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में मदों को व्यक्त करना शामिल होता है
- ✓ 4. विभिन्न वर्षों के वित्तीय विवरणों की तुलना शामिल होती है

**Q.16** **मुद्रा बाजार निम्नलिखित में से किसमें कारोबार करता है?**

**Ans**
- ✓ 1. अल्पकालिक लिखत
- ✗ 2. केवल डेरिवेटिव (Derivative)
- ✗ 3. दीर्घकालिक ऋण लिखत
- ✗ 4. इक्विटी प्रतिभूतियां (Equity securities)

**Q.17** **प्रचालन उत्तोलक, निम्नलिखित में से किसके कारण उत्पन्न होता है?**

**Ans**
- ✓ 1. निश्चित प्रचालन लागत
- ✗ 2. परिवर्ती उत्पादन लागत
- ✗ 3. निश्चित वित्तीय लागत
- ✗ 4. परिवर्ती वित्तीय लागत

**Q.18** **निधि प्रवाह विवरण मुख्य रूप से ______________________ की व्याख्या करता है।**

**Ans**
- ✗ 1. लाभ और हानि की गणना
- ✗ 2. ऊपरी लागतों के आवंटन
- ✓ 3. स्रोतों और उपयोगों के बीच निधियों के संचलन
- ✗ 4. शेयरधारकों को लाभांश के वितरण

**Q.19** **नकदी प्रवाह विश्लेषण अन्य तकनीकों से भिन्न है क्योंकि यह ________________ ।**

**Ans**
- ✗ 1. केवल अनुपात अभिकलन पर आधारित होता है
- ✗ 2. केवल तुलनात्मक विवरणों पर विचार करता है
- ✓ 3. नकदी के वास्तविक अंतर्वाह और बहिर्वाह पर केंद्रित होता है
- ✗ 4. लाभप्रदता और ऋण शोधन क्षमता की उपेक्षा करता है

**Q.20** **दोहरी प्रविष्टि प्रणाली के अनुसार, परिसंपत्ति खाते के मामले में, नामे प्रविष्टि से ___________ ।**

**Ans**
- ✗ 1. इक्विटी घट जाती है।
- ✓ 2. परिसंपत्ति में वृद्धि होती है
- ✗ 3. देयता बढ़ जाती है।
- ✗ 4. परिसंपत्ति में कमी आती है।

Section : **Discipline8**

**Q.1** **एक विवरण प्रत्येक मद को आय विवरण में बिक्री के प्रतिशत के रूप में या तुलन-पत्र में कुल परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में दर्शाता है। इस तकनीक को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?**

**Ans**
- ✗ 1. प्रवृत्ति विश्लेषण (Trend analysis)
- ✗ 2. तुलनात्मक विवरण (Comparative statements)
- ✗ 3. अनुपात विश्लेषण (Ratio analysis)
- ✓ 4. समरूप विवरण (Common-size statements)

| | | |
|---|---|---|
| Q.2 | लागत लेखांकन का कौन-सा प्रकार्य, मुख्यतः आवधिक विवरण और सारांश प्रदान करके प्रबंधकीय निर्णयन में सहायता करता है? | |

Ans
- ✗ 1. लागत तुलना
- ✓ 2. लागत रिपोर्ट
- ✗ 3. लागत नियंत्रण
- ✗ 4. लागत विश्लेषण

**Q.3 निरपेक्ष आंकड़े सूचीबद्ध करने के बाद तुलनात्मक विवरण तैयार करने के लिए कौन-सा चरण आवश्यक है?**

Ans
- ✗ 1. केवल अनुपातों की गणना
- ✗ 2. प्रतिशत परिवर्तनों (percentage changes) की उपेक्षा करना
- ✓ 3. पिछले वर्ष के मानों को चालू वर्ष के मानों से घटाना
- ✗ 4. केवल लाभ-हानि खाता तैयार करना

**Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, लाभ-अलाभ बिंदु (break-even point) पर लाभ का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans
- ✗ 1. ऋणात्मक लाभ (Negative profit)
- ✗ 2. न्यूनतम लाभ (Minimum profit)
- ✓ 3. शून्य लाभ (Zero profit)
- ✗ 4. अधिकतम लाभ (Maximum profit)

**Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लागत नियंत्रण और लागत न्यूनीकरण के बीच सही अंतर है?**

Ans
- ✗ 1. लागत नियंत्रण स्थायी है, जबकि लागत न्यूनीकरण अस्थायी है।
- ✗ 2. लागत नियंत्रण का कोई स्पष्ट (visible) अंत नहीं होता, जबकि लागत न्यूनीकरण लक्ष्य प्राप्त होने पर समाप्त हो जाती है।
- ✓ 3. लागत नियंत्रण का उद्देश्य लागत को मानकों के भीतर बनाए रखना है, जबकि लागत न्यूनीकरण का उद्देश्य गुणवत्ता को प्रभावित किए बिना इकाई लागत को कम करना है।
- ✗ 4. लागत नियंत्रण एक सुधारात्मक प्रक्रिया है, जबकि लागत न्यूनीकरण एक निवारक प्रक्रिया है।

**Q.6 यदि 2023 में बिक्री ₹12,00,000 है और 2024 में बिक्री ₹15,00,000 है, तो बिक्री में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।**

Ans
- ✓ 1. 25%
- ✗ 2. 28%
- ✗ 3. 15%
- ✗ 4. 20%

**Q.7 निम्नलिखित में से किसे वास्तविक और स्थायी लागत न्यूनीकरण नहीं माना जाता है?**

Ans
- ✓ 1. सरकारी नीति में परिवर्तन के कारण करों में न्यूनीकरण
- ✗ 2. बिक्री और वितरण लागत में बचत
- ✗ 3. प्रशासनिक लागत में बचत
- ✗ 4. विनिर्माण लागत में बचत

**Q.8 मानक लागत-निर्धारण का उपयोग मुख्य रूप से __________ के लिए किया जाता है।**

Ans
- ✗ 1. बिक्री संप्राप्ति का आकलन करने
- ✗ 2. प्रति इकाई लागत निर्धारित करने
- ✓ 3. प्रसरण विश्लेषण के माध्यम से लागत को नियंत्रित करने
- ✗ 4. बजट तैयार करने

**Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा, नकदी प्रवाह विवरण (Cash Flow Statement) का उद्देश्य नहीं है?**

Ans
- ✗ 1. नकदी अंतर्वाह और बहिर्वाह के संबंध में जानकारी प्रदान करना
- ✗ 2. भविष्य में धनात्मक नकदी प्रवाह उत्पन्न करने की क्षमता का आकलन करना
- ✓ 3. किसी विशेष तिथि पर वित्तीय स्थिति (financial position) दर्शाना
- ✗ 4. तरलता और शोधन क्षमता का मूल्यांकन करने में सहायता करना

**Q.10 परिचालन लाभ अनुपात (OPR) की गणना करने का सूत्र क्या है?**

Ans
- ✓ 1. परिचालन लाभ ÷ बिक्री × 100
- ✗ 2. निवल लाभ ÷ कुल संपत्ति × 100
- ✗ 3. सकल लाभ ÷ बिक्री × 100
- ✗ 4. चालू आस्तियां ÷ चालू देयताएं

**Q.11** प्रक्रिया लागत निर्धारण सामान्यतः तब प्रयुक्त किया जाता है जब ____________________ ।

**Ans**
- ✔ 1. कोई उत्पाद सतत प्रक्रियाओं या चरणों की श्रृंखला से गुजरता हो
- ✘ 2. किसी विशिष्ट ग्राहक के लिए उत्पादन केवल एक बार किया जाता हो
- ✘ 3. लागत को प्रत्येक चरण पर दर्ज करना आवश्यक नहीं होता हो
- ✘ 4. प्रत्येक जॉब या ऑर्डर विशिष्ट प्रकृति का हो

**Q.12** नकदी प्रवाह विवरण ____________________ से संबंधित सूचना प्रदान करता है ।

**Ans**
- ✘ 1. केवल व्यवसाय द्वारा अर्जित लाभ
- ✘ 2. शेयरधारकों को लाभांश के वितरण
- ✔ 3. नकदी और नकद समतुल्यों के अंतर्वाह और बहिर्वाह
- ✘ 4. केवल व्यवसाय की परिसंपत्तियों और देयताओं

**Q.13** कौन-सी लागत नियंत्रण तकनीक, आधार लागत निर्धारित करती है और उससे विचलन को मापती है?

**Ans**
- ✘ 1. अनुपात विश्लेषण
- ✘ 2. बजटीय नियंत्रण
- ✔ 3. मानक लागत निर्धारण
- ✘ 4. मालसूची नियंत्रण

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, नकदी प्रवाह विवरण तैयार करने के मुख्य लाभों में से एक को संदर्भित करता है?

**Ans**
- ✘ 1. जर्नल प्रविष्टियाँ दर्ज करना
- ✔ 2. नकदी और नकदी समतुल्य इकाइयों में परिवर्तन के संबंध में जानकारी प्रदान करना
- ✘ 3. शेयरों का सम मूल्य निर्धारित करना
- ✘ 4. सकल लाभ की गणना करना

**Q.15** निधि प्रवाह विवरण व्यवसाय के किस पहलू में मूल परिवर्तनों पर प्रकाश डालता है?

**Ans**
- ✘ 1. केवल इसकी वित्तीय संरचना
- ✘ 2. केवल इसकी तरलता स्थिति
- ✔ 3. इसकी वित्तीय संरचना, परिसंपत्ति संरचना और तरलता स्थिति
- ✘ 4. केवल इसकी परिसंपत्ति संरचना

**Q.16** परिचालन से प्राप्त निधियों की गणना करने के लिए, चालू परिसंपत्तियों या चालू देयताओं एवं व्यापारेतर व्ययों और हानियों को प्रभावित नहीं करने वाली गैर-निधि मदों को वर्ष के अंत में लाभ और हानि लेखा द्वारा प्रकट किए गए निवल लाभ में जोड़ दिया जाता है । ये मदें कौन-कौन सी हैं?
(i) निवेश पर ब्याज
(ii) कर का प्रतिदान
(iii) करों के लिए प्रावधान
(iv) प्रस्तावित लाभांश
(v) आरक्षित निधियों में स्थानांतरण

**Ans**
- ✘ 1. केवल बिंदु (ii), (iii), (iv) और (v)
- ✔ 2. केवल बिंदु (iii), (iv) और (v)
- ✘ 3. केवल बिंदु (i), (ii), (iii) और (v)
- ✘ 4. केवल बिंदु (i), (ii), (iii) और (iv)

**Q.17** प्रक्रिया लागत-निर्धारण उन उद्योगों के लिए सबसे उपयुक्त है जहाँ __________ ।

**Ans**
- ✘ 1. जॉब, विशिष्ट ग्राहक ऑर्डर के लिए निष्पादित किए जाते हैं
- ✘ 2. प्रत्येक ऑर्डर के लिए विशेष उपचार की आवश्यकता होती है
- ✔ 3. उत्पादन निरंतर होता है और दो या अधिक प्रक्रियाओं से होकर गुजरता है
- ✘ 4. उत्पाद विशिष्ट रूप से निर्मित और अद्वितीय होते हैं

**Q.18** कोई विनिर्माण कंपनी उत्पाद मिश्रण में परिवर्तन का उसकी लाभप्रदता पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहती है । निश्चित लागतों को कवर करने में किस उत्पाद श्रृंखला का सबसे अधिक योगदान है, इसका मूल्यांकन करने के लिए प्रबंधन को CVP विश्लेषण के किस घटक पर विचार करना चाहिए?

**Ans**
- ✘ 1. संतुलन स्तर बिंदु (Break-even point)
- ✔ 2. प्रति सीमित कारक योगदान मार्जिन
- ✘ 3. प्रचालन उत्तोलक की मात्रा
- ✘ 4. सुरक्षा मार्जिन

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | AS 3 (नकदी प्रवाह विवरण) के अंतर्गत, किसी सहायक कंपनी से प्राप्त लाभांश को कैसे वर्गीकृत किया जाता है? | |
| Ans | ✔ 1. निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह | |
| | ✘ 2. वित्तपोषण गतिविधियों से नकदी प्रवाह | |
| | ✘ 3. परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह | |
| | ✘ 4. असाधारण गतिविधियों से नकदी प्रवाह | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | अवशोषण लागत निर्धारण प्रणाली की तुलना में सीमांत लागत निर्धारण प्रणाली का प्रचालन क्यों आसान है? | |
| Ans | ✘ 1. यह केवल दीर्घावधि योजना के लिए उपयोगी है। | |
| | ✘ 2. इसमें अधिक जटिल उपरिव्यय गणनाएँ शामिल होती हैं। | |
| | ✔ 3. इसमें उपरिव्यय प्रभाजन और पुन:प्राप्ति की समस्याएँ शामिल नहीं होती हैं। | |
| | ✘ 4. इसके लिए विस्तृत इन्वेंटरी मूल्यांकन की आवश्यकता होती है। | |

Section : **Discipline9**

**Q.1** अत्यधिक अस्थिर और ऋतुनिष्ठ उत्पादन वाले उद्योगों के लिए कौन-सी बजट नियंत्रण तकनीक सबसे उपयुक्त है?

Ans
- ✘ 1. शून्य-आधारित बजट
- ✘ 2. निष्पादन बजट
- ✘ 3. नियत बजट
- ✔ 4. लचीला (नम्य) बजट

**Q.2** वित्तीय सुदृढ़ता और लाभप्रदता का आकलन करने के लिए, विश्लेषक अक्सर चालू अनुपात, कर्ज-इक्विटी अनुपात और निवेश पर प्रतिलाभ जैसे अनुपातों की गणना करते हैं। ये किस विश्लेषणात्मक साधन का हिस्सा है?

Ans
- ✘ 1. प्रवृत्ति विश्लेषण (Trend Analysis)
- ✘ 2. तुलनात्मक विवरण विश्लेषण (Comparative Statement Analysis)
- ✔ 3. अनुपात विश्लेषण (Ratio Analysis)
- ✘ 4. नकदी प्रवाह विश्लेषण (Cash Flow Analysis)

**Q.3** यदि आधार वर्ष का उत्पादन 20,000 इकाई है और चौथे वर्ष में उत्पादन 28,000 इकाई है, तो चौथे वर्ष के लिए प्रवृत्ति सूचकांक __________ होगा।

Ans
- ✔ 1. 140
- ✘ 2. 135
- ✘ 3. 120
- ✘ 4. 150

**Q.4** संशोधित AS-3 (ICAI) के अनुसार नकदी प्रवाह विवरण तैयार करते समय, किसी वित्तीय उद्यम द्वारा भुगतान किए गए ब्याज को किस गतिविधि के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है?

Ans
- ✔ 1. परिचालन गतिविधि
- ✘ 2. निवेश गतिविधि
- ✘ 3. वित्तपोषण गतिविधि
- ✘ 4. छूट गतिविधि

**Q.5** लागत न्यूनीकरण की विशेषता निम्नलिखित में से क्या नहीं है?

Ans
- ✔ 1. यह एक अस्थायी लेकिन सतत प्रक्रिया है।
- ✘ 2. इसके परिणामस्वरूप उत्पाद की गुणवत्ता में कमी किए बिना इकाई लागत में कमी आती है।
- ✘ 3. इससे प्रति इकाई लागत में स्थायी न्यूनीकरण होता है।
- ✘ 4. यह स्वयं लागत लक्ष्यों में सुधार की संभावनाओं का पता लगाता है।

**Q.6** तरलता मूल्यांकन के लिए अनुपात विश्लेषण के साथ प्रवृत्ति विश्लेषण को संयोजित करते समय, कौन-सा पैटर्न सर्वाधिक संबंधित होता है?

Ans
- ✘ 1. चालू और त्वरित अनुपात दोनों वृद्धिशील हैं
- ✔ 2. चालू अनुपात वृद्धिशील है जबकि त्वरित अनुपात स्थिर है या घट रहा है
- ✘ 3. त्वरित अनुपात वृद्धिशील है, चालू अनुपात स्थिर है
- ✘ 4. दोनों अनुपातों में कोई परिवर्तन नहीं

Q.7 प्रत्यक्ष लागत-निर्धारण, सीमांत लागत-निर्धारण से भिन्न है क्योंकि ________

Ans
- ✗ 1. यह लागत इकाइयों पर केवल परिवर्तनीय लागत चार्ज करता है।
- ✓ 2. यह कुछ मामलों में कुछ नियत लागतों को प्रत्यक्ष लागत मानता है।
- ✗ 3. यह सभी नियत लागतों की पूरी तरह से उपेक्षा करता है।
- ✗ 4. यह उत्पाद लागत में अप्रत्यक्ष लागतों को शामिल करता है।

Q.8 निम्नलिखित में से क्या DBMS का उपयोग करने का लाभ नहीं है?

Ans
- ✗ 1. डेटा सुरक्षा
- ✗ 2. प्रचुरता में कमी
- ✓ 3. हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर लागत में वृद्धि
- ✗ 4. डेटा साझा करना

Q.9 प्रक्रिया लागत-निर्धारण में, जब सेवा विभाग की लागतों को उत्पादन विभागों में विभाजित किया जाता है, तो पारस्परिक विधि मूलतः क्या करती है?

Ans
- ✗ 1. शेष राशि शून्य होने तक बार-बार वितरण का उपयोग करती है
- ✗ 2. उत्पादन विभागों की मूल लागत के अनुपात में लागतों का आवंटन करती है
- ✓ 3. समकालिक समीकरणों को हल करके अंतर-सेवा विभाग सपोर्ट को मान्यता देती है
- ✗ 4. सेवा विभागों के बीच पारस्परिक सेवाओं की उपेक्षा करती है

Q.10 निधि प्रवाह विवरण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✓ 1. किसी अवधि के दौरान निधियों के स्रोतों और अनुप्रयोगों की पहचान करना
- ✗ 2. जर्नल प्रविष्टियाँ तैयार करना
- ✗ 3. दैनिक नकद लेनदेन रिकॉर्ड करना
- ✗ 4. सकल लाभ की गणना करना

Q.11 वित्तीय प्रबंधन के दृष्टिकोण से, दीर्घकालिक निर्णय लेने के लिए निधि प्रवाह विवरण तैयार करना क्यों महत्वपूर्ण होता है?

Ans
- ✗ 1. यह कंपनी के दैनिक नकदी प्रवाह और बहिर्वाह को रिकॉर्ड करता है।
- ✓ 2. यह कार्यशील पूंजी के संचलन पर प्रकाश डालता है और इस प्रकार दीर्घकालिक शोधन क्षमता के विश्लेषण को सुगम बनाता है।
- ✗ 3. यह लागत संरचना को दर्शाता है और उत्पाद मूल्य निर्धारण में सहायक होता है।
- ✗ 4. यह लाभ और हानि खाते के विकल्प के रूप में कार्य करता है।

Q.12 तुलनात्मक विवरण, जिसे 'समस्तरीय विश्लेषण (horizontal analysis)' भी कहा जाता है, निम्नलिखित में से किस उद्देश्य के लिए उपयोगी है?

Ans
- ✗ 1. एक ही अवधि में विभिन्न मदों का एक सार्व आधार के साथ संबंध दर्शाना।
- ✗ 2. निरपेक्ष परिवर्तनों को देखते हुए, कई वर्षों की एक श्रृंखला में केवल प्रचालन परिणामों का अध्ययन करना।
- ✓ 3. तुलनात्मक रूप में विभिन्न अवधि के लिए लाभप्रदता और वित्तीय स्थिति दर्शाना।
- ✗ 4. अनुपात के माध्यम से किसी उद्यम की ऋण शोधन-क्षमता और दक्षता का मूल्यांकन करना।

Q.13 उत्पन्न लाभ और शेयरधारकों द्वारा निवेश की गई इक्विटी के बीच संबंध का मूल्यांकन करते समय, किस विश्लेषणात्मक टूल (analytical tool) का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. सामान्य आकार प्रतिशत (Common-size percentage)
- ✗ 2. प्रवृत्ति प्रतिशत (Trend percentage)
- ✓ 3. लाभप्रदता अनुपात (Profitability ratio)
- ✗ 4. तुलनात्मक आंकड़ा (Comparative figure)

Q.14 रिपोर्ट डिजाइनिंग में, 'उपयोगकर्ता अभिविन्यास (user orientation)' का क्या महत्व है?

Ans
- ✗ 1. यह रिपोर्ट कवर पृष्ठों के ले-आउट डिजाइन को संदर्भित करता है।
- ✗ 2. यह संख्यात्मक मानों की तुलना में ग्राफिकल निरूपण को प्राथमिकता देता है।
- ✓ 3. यह सुनिश्चित करता है कि रिपोर्ट में दी गई जानकारी वांछनीय उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप हो।
- ✗ 4. यह लेखा परीक्षकों के लिए सख्त ढंग से रिपोर्ट डिजाइन करने पर केंद्रित होता है।

Q.15 लागत में कमी लाने की तकनीक के रूप में मूल्य विश्लेषण (Value analysis) निम्नलिखित में से किस पर केंद्रित होते है?

Ans
- ✗ 1. केवल विपणन व्यय में कमी
- ✗ 2. विक्रय मूल्य (selling price) में वृद्धि
- ✓ 3. उत्पाद की उपयोगिता कम किए बिना अनावश्यक सुविधाओं या लागतों को समाप्त करना
- ✗ 4. मजदूरी में कटौती

**Q.16** डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली में इकाई-संबंध (Entity-Relationship - ER) आरेख में 'इकाई (Entity)' क्या है?

Ans
- ✗ 1. एक गुण जो किसी वस्तु का वर्णन करता है
- ✗ 2. विशेषताओं का एक समुच्चय जो किसी संबंध का वर्णन करता है
- ✗ 3. दो या दो से अधिक वस्तुओं के बीच संबंध
- ✓ 4. एक वास्तविक-दुनिया की वस्तु जो अन्य वस्तुओं से भिन्न हो

**Q.17** कॉमन साइज़ बैलेंस शीट का उपयोग करके दो फर्मों की तुलना करने पर, फर्म A, 60% चालू आस्तियां और 40% गैर-चालू आस्तियां दर्शाती है, जबकि फर्म B, 30% चालू आस्तियां और 70% गैर-चालू आस्तियां दर्शाती है। निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष सबसे सटीक है?

Ans
- ✗ 1. फर्म A दीर्घकालिक पूँजी का उपयोग करने में अधिक कुशल है।
- ✗ 2. उच्चतर गैर-चालू आस्तियों के कारण फर्म B की लाभप्रदता निम्नतर होनी चाहिए।
- ✗ 3. फर्म A में चालू आस्तियों का हिस्सा बड़ा होने के कारण यह जोखिम युक्त है।
- ✓ 4. फर्म B कम तरल है, लेकिन संभावित रूप से अधिक पूँजी-प्रधान है, जो उच्च स्थायी निवेश को दर्शाता है।

**Q.18** AS-3 (संशोधित) के अंतर्गत नकदी प्रवाह विवरण तैयार करने से हितधारकों को मुख्यतः किस प्रकार सहायता प्राप्त होती है?

Ans
- ✗ 1. निवल मालियत में परिवर्तनों का ट्रैक रखकर फर्म की दीर्घकालिक शोधन क्षमता की पहचान
- ✗ 2. निधियों के संचलन के माध्यम से कार्यशील पूंजी के उपयोग की दक्षता का मूल्यांकन
- ✓ 3. वास्तविक नकदी अंतर्वाह और बहिर्वाह का विश्लेषण करके फर्म की तरलता स्थिति को समझना
- ✗ 4. लेखा अवधि के दौरान फर्म की लाभप्रदता का मापन

**Q.19** अंतर-विभागीय वित्तीय विश्लेषण (cross-sectional financial analysis) के लिए निम्नलिखित में से किस तकनीक का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. नगदी प्रवाह समाधान (Cash flow reconciliation)
- ✗ 2. बजटीय नियंत्रण (Budgetary control)
- ✗ 3. काल-क्रम पूर्वानुमान (Time-series forecasting)
- ✓ 4. ऊर्ध्वाधर विश्लेषण (Vertical analysis)

**Q.20** कंप्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली (CAS) में, निम्नलिखित में से क्या स्वचालित रूप से संचालित होता है?

Ans
- ✗ 1. नकलबही से खाता-बही में प्रविष्टियाँ मैन्युअल रूप से दर्ज करना
- ✗ 2. भविष्य के बजट आँकड़ों का अनुमान लगाना
- ✗ 3. गणितीय गणनाओं की यथार्थता को मैन्युअल रूप से सत्यापित करना
- ✓ 4. विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके लेखांकन लेन-देन का प्रसंस्करण

Section : **Teaching Methodology**

**Q.1** पाठ्यचर्या व्यापी भाषा (Language Across the Curriculum) के अनुसार, कमजोर सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों को अकादमिक लेखन में अधिक चुनौतियों का सामना क्यों करना पड़ता है?

Ans
- ✗ 1. वे नियमित रूप से स्कूल नहीं जाते हैं और पाठ्यपुस्तकों तक उनकी पहुँच नहीं होती है।
- ✗ 2. वे हस्तलेखन और कक्षा व्यवहार में संघर्ष करते हैं।
- ✓ 3. वे अकादमिक विषयों की विशिष्ट भाषा और पंजीयन (register) से अपरिचित होते हैं।
- ✗ 4. वे अधिगम परिस्थितियों में प्रौद्योगिकी के उपयोग से बचते हैं।

**Q.2** अधिगम संसाधनों की चयन प्रक्रिया में, एक शिक्षक को निम्नलिखित में से किस पर सबसे अधिक जोर देना चाहिए?

Ans
- ✗ 1. केवल पारंपरिक पद्धतियों पर
- ✗ 2. अन्य विद्यालयों के प्राथमिकता पर
- ✗ 3. सामग्री के रंग और डिजाइन पर
- ✓ 4. पाठ्यचर्या और शिक्षार्थी विविधता के साथ संरेखण पर

**Q.3** पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत में, 'संतुलन (equilibrium)' का क्या अर्थ है?

Ans
- ✗ 1. पुरस्कार और दंड के बीच संतुलन
- ✗ 2. एक ऐसी स्थिति जहां अधिगम की आवश्यकता नहीं होती है
- ✓ 3. आराम की एक अवस्था जहां मौजूदा अन्विति योजना नए अनुभवों की व्याख्या करती है
- ✗ 4. मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन

**Q.4** **विषय शिक्षाशास्त्र, विविध विद्यार्थी आवश्यकताओं को पूरा करने में किस प्रकार सहायता करता है?**

Ans
1. विद्यार्थी अंतरों को उपेक्षित करके
2. विभेदीकृत अनुदेशन और स्कैफोल्डिंग की योजना बनाकर ✔
3. सभी को समान कार्य सौंपकर
4. अधिक परीक्षाएं आयोजित करके

**Q.5** **निम्नलिखित में से कौन-सी कार्यनीति, समावेशी कक्षाओं में अधिगम अक्षमता वाले बच्चों को सर्वोत्तम सहायता प्रदान करती है?**

Ans
1. CWSN के लिए कक्षा में सहभागिता कम करना
2. उन्हें स्थायी रूप से अलग कक्षाओं में बिठाना
3. विभेदीकृत अनुदेशन, उपचारी सहायता और सहायक प्रौद्योगिकी का उपयोग करना ✔
4. गलत उत्तरों के लिए बार-बार दंडित करना

**Q.6** **कला शिक्षा में, मुक्त-अंत सामग्रियों (open-ended materials) और प्रक्रियाओं का उपयोग मुख्यतः किस शैक्षणिक उपागम में सहायक होता है?**

Ans
1. निश्चित परिणामों की शिक्षक-निर्देशित पुनरावृत्ति (replication)
2. सही उत्तरों का व्यवहारवादी पुनर्बलन
3. एकसमान उत्पादों का मानकीकृत आकलन
4. रचनावादी अन्वेषण और अर्थ-निर्माण ✔

**Q.7** **एक शिक्षण तकनीक के रूप में नाटकीकरण (Dramatisation), निम्नलिखित में से किसके विकास के लिए विशेष रूप से प्रभावी है?**

Ans
1. केवल पृथक पाठ्यपुस्तक-आधारित ज्ञान
2. केवल शारीरिक समन्वय कौशल
3. पाठ्यचर्या लक्ष्यों से असंबंधित कौशल
4. संवेगात्मक बुद्धि, परानुभूति और संप्रेषण कौशल ✔

**Q.8** **2018 में शुरू की गई किस भारतीय नीति ने, सभी बच्चों को एकीकृत और समावेशी स्कूली शिक्षा प्रदान करने हेतु SSA, RMSA और शिक्षक शिक्षा का विलय कर दिया था?**

Ans
1. RTE अधिनियम 2009
2. समग्र शिक्षा अभियान ✔
3. RPwD अधिनियम 2016
4. NEP 2020

**Q.9** **संज्ञानात्मक रचनावाद (Cognitive constructivism) का दार्शनिक संस्थापक किसे माना जाता है?**

Ans
1. जेरोम ब्रूनर (Jerome Bruner)
2. जॉन डेवी (John Dewey)
3. लेव वायगोत्स्की (Lev Vygotsky)
4. जीन पियाजे (Jean Piaget) ✔

**Q.10** **जेंडर समाजीकरण के अनुसार, बाल्यावस्था के दौरान जेंडर रूढ़िबद्धता (gender stereotypes) सामान्यतः किस प्रकार प्रबल होती है?**

Ans
1. जेंडर-विशिष्ट खिलौनों, पुस्तकों और टेलीविजन कंटेंट के संपर्क में आना ✔
2. समुदाय-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम
3. जेंडर-तटस्थ पुस्तकों और खेलों के संपर्क में आना
4. शैक्षिक संसाधनों तक समान पहुंच

**Q.11** **निम्नलिखित में से कौन-सा, शैक्षिक मनोविज्ञान में वर्णित व्यवहारवादी और रचनावादी अधिगम सिद्धांतों के बीच मुख्य अंतर को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?**

Ans
1. व्यवहारवाद शिक्षार्थी को सक्रिय रूप में देखता है, जबकि रचनावाद शिक्षार्थी को निष्क्रिय रूप में देखता है।
2. रचनावाद शिक्षक मार्गदर्शन की आवश्यकता को समाप्त करता है, जबकि व्यवहारवाद शिक्षार्थी स्वायत्तता को बढ़ावा देता है।
3. व्यवहारवाद समग्र अधिगम पर बल देता है, जबकि रचनावाद विविक्त उद्दीपन-अनुक्रिया श्रृंखलाओं पर बल देता है।
4. व्यवहारवाद बाह्य उद्दीपनों और अनुक्रियाओं पर केंद्रित है, जबकि रचनावाद ज्ञान के आंतरिक संज्ञानात्मक निर्माण पर बल देता है। ✔

**Q.12** जेंडर और समाजीकरण के संदर्भ में दुबे के परिप्रेक्ष्य (Dube's perspective) के अनुसार, भारतीय समाज में स्त्रीत्व के निर्माण में कौन-से सांस्कृतिक तत्व योगदान देते हैं?

Ans
- ✗ 1. सरकारी नीति और कोटा
- ✗ 2. खेल और अकादमिक उपलब्धियां
- ✗ 3. तकनीकी प्रगति और शहरीकरण
- ✓ 4. भाषा, अनुष्ठान, समारोह और लोकोक्तियां

**Q.13** अनुदेशात्मक योजना (instructional planning) में, विषय-वस्तु विश्लेषण क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ 1. यह सर्वोत्तम बैठक व्यवस्था की पहचान करने में सहायता करता है।
- ✓ 2. यह सुनिश्चित करता है कि विषय-वस्तु, अधिगम परिणामों और विद्यार्थी आवश्यकताओं के अनुरूप हो।
- ✗ 3. यह केवल परीक्षाओं के लिए उपयोगी है।
- ✗ 4. यह शिक्षक के कार्यभार को कम करता है।

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा, अधिगम संसाधनों के विकास में विद्यालय प्रधान (School Head) का उत्तरदायित्व नहीं है?

Ans
- ✗ 1. योजनाओं का क्रियान्वयन और उनका अनुसरण करना
- ✓ 2. सामुदायिक सहायक की उपेक्षा करना
- ✗ 3. प्रक्रियाओं की योजना बनाना और उनकी शुरूआत करना
- ✗ 4. सहकर्मियों का सहयोग मांगना

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा रचनात्मक आकलन का वह साधन है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को निरंतर प्रतिपुष्टि (feedback) प्रदान करना है?

Ans
- ✗ 1. वार्षिक रिपोर्ट कार्ड (Annual report card)
- ✗ 2. सत्रांत परीक्षा (End-term examination)
- ✗ 3. अभिक्षमता परीक्षा (Aptitude test)
- ✓ 4. पोर्टफोलियो (Portalofio)

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, अधिगम के लिए आकलन (AfL) में "अभिकल्प (design)" चरण का सटीक रूप में वर्णन करता है?

Ans
- ✗ 1. विद्यार्थियों के पूर्व प्रदर्शन का विश्लेषण करना
- ✓ 2. अधिगम उद्देश्यों के साथ संरेखित आकलन कार्यों की योजना बनाना
- ✗ 3. विद्यार्थियों को रैंक देने के लिए ग्रेड प्रदान करना
- ✗ 4. विद्यार्थी परिणामों की रिकॉर्डिंग और रिपोर्टिंग करना

**Q.17** एक विद्यालय प्रधानाचार्य यह निर्धारित करना चाहता है कि क्या लागू की गई नई शिक्षण पद्धति ने विद्यार्थियों के समालोचनात्मक चिंतन कौशलों में सुधार किया है। कौन-सा मूल्यांकन उपागम, निर्णय लेने के लिए सर्वाधिक विश्वसनीय साक्ष्य प्रदान करेगा?

Ans
- ✓ 1. कार्यप्रदर्शन-आधारित आकलनों का उपयोग करके योगात्मक मूल्यांकन करना
- ✗ 2. विद्यार्थियों की सहभागिता के संबंध में शिक्षकों से अनौपचारिक प्रतिपुष्टि मांगना
- ✗ 3. विद्यार्थियों की वर्तमान ग्रेड की तुलना पिछले वर्ष के ग्रेड से करना
- ✗ 4. सत्र के अंत में एकल मानकीकृत परीक्षण का उपयोग करना

**Q.18** अधिगम उद्देश्यों को तैयार करने के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा, संशोधित ब्लूम वर्गीकरण (Bloom's taxonomy) के उन्नत अनुप्रयोग को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

Ans
- ✗ 1. जंतुओं में विभिन्न प्रकार के पोषण को सूचीबद्ध करना
- ✗ 2.
आरेखों का उपयोग करके पत्ती की संरचना की पहचान करना
- ✗ 3. प्रकाश संश्लेषण में क्लोरोफिल की भूमिका की व्याख्या करना
- ✓ 4. स्वपोषी पोषण को दर्शाने के लिए एक कार्यशील मॉडल का निर्माण करना

**Q.19** वैयक्तिक भिन्नताओं के संदर्भ में, "अधिगम शैली (learning styles)" पद से क्या आशय है?

Ans
- ✗ 1. अधिगम के नियत, सहज तरीके जो समय के साथ नहीं बदलते
- ✓ 2. जानकारी को समझने और संसाधित करने के लिए विद्यार्थियों की सुसंगत प्राथमिकताएं
- ✗ 3. एक विद्यार्थी द्वारा अधिगम हेतु किया गया प्रयास
- ✗ 4. एक विद्यार्थी को कितने विषयों में रुचि है

**Q.20** **निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव विकास का सिद्धांत है?**

**Ans**

❌ 1. किशोरावस्था के बाद, विकास रुक जाता है।

❌ 2. विकास केवल एक असतत पैटर्न में होता है।

❌ 3. प्रत्येक व्यक्ति समान गति से बढ़ता है।

✅ 4. विकास एक पैटर्न का अनुसरण करता है और पूर्वानुमानित होता है।